TarunMitra
www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

पटना
वर्ष: 24 अंक 12
मंगलवार 6 मई, 2025

तापमान
अधिकतम 36°C
न्यूनतम 27°C

मूल्य 3 रुपए | पृष्ठ-08 | बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

# आतंकवाद के खिलाफ रूस, भारत के साथ

## पहलगाम के गुनाहगारों को कानून के कटघरे में लाया जाए-पुतिन

**समर्थन**
- व्लादिमीर पुतिन ने पाकिस्तान के खिलाफ कर दिया ऐलान

**नई दिल्ली, 5 मई।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फोन पर बात की और कहा कि रूस आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई का पूरा समर्थन करता है तथा पहलगाम आतंकवादी हमले के साजिशकर्ताओं को न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, "मोदी के साथ बातचीत में पुतिन ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की और निर्दोष लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया।"

रूसी दूतावास की ओर से जारी वक्तव्य में कहा गया कि पुतिन ने आतंकवादी हमले को "बर्बर" करार दिया और दोनों नेताओं ने हर तरह के आतंकवाद के खिलाफ "बिना समझौता किए लड़ाई" की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति ने इस वर्ष भारत में आयोजित होने वाले वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है।

पुतिन 22 अप्रैल के आतंकवादी हमले की सबसे पहले निंदा करने वाले विश्व नेताओं में शामिल हैं। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे। जायसवाल ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति ने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को "पूर्ण समर्थन" देने की बात कही। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, "उन्होंने (पुतिन) इस बात पर जोर दिया कि इस जघन्य हमले के दोषियों और उनके समर्थकों को न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए।" जायसवाल ने कहा कि मोदी तथा पुतिन ने 'भारत-रूस विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी' को और प्रगाढ़ बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने रूस



के 'विक्टरी डे' की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर रूसी राष्ट्रपति को शुभकामनाएं दीं और उन्हें इस वर्ष के अंत में भारत में होने वाले भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया। रूसी वक्तव्य में कहा गया कि राष्ट्रपति ने पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए बर्बर आतंकवादी हमले में भारतीय नागरिकों की मृत्यु पर गहरा शोक जताया।

इसमें कहा गया कि बातचीत के दौरान विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त साझेदारी के रूप में रूस-भारत संबंधों की रणनीतिक प्रकृति पर जोर दिया गया। वक्तव्य में कहा गया कि ये संबंध "बाहरी प्रभाव" के अधीन नहीं हैं तथा सभी क्षेत्रों में गतिशील रूप से विकसित हो रहे हैं। इसमें कहा गया कि मोदी ने पुतिन और सभी रूसी लोगों को 'विक्टरी डे' की 80वीं वर्षगांठ की बधाई दी।

### भारतीय रक्षा कंपनियों पर साइबर अटैक की कोशिश

**नई दिल्ली।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। भारत पाकिस्तान के खिलाफ लगातार एक्शन ले रहा है। भारत हर मोर्चे पर पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। इस बीच खबर है कि पाकिस्तान हैकर्स भारतीय वेबसाइट्स को निशाना बनाने की कोशिश कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, ताजा प्रकरण भारतीय रक्षा वेबसाइट को निशाना बनाने से जुड़ा हुआ सामने आया है।

दरअसल, पाकिस्तान साइबर फोर्स नाम के एक एक्स हैंडल ने दावा किया है कि कुछ हैकर्स ने मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज और मनोहर पर्रिकर इंस्टीट्यूट ऑफ डिफेंस स्टडीज एंड एनावलिसिस के कुछ संवेदनशील डेटा तक पहुंच बना ली है।

समाचार एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि दावा यह है कि हमलावरों ने लॉगिन क्रेडेंशियल सहित रक्षा कर्मियों से संबंधित व्यक्तिगत जानकारी से समझौता किया हो सकता है। वहीं, इस समूह ने रक्षा मंत्रालय के तहत एक पीएसयू कंपनी आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड की आधिकारिक वेबसाइट को भी निशाना बनाने की कोशिश की है।

## जज कैश कांड: तीन जजों की कमिटी ने सौंपी रिपोर्ट

- जस्टिस वर्मा के आवास से मिले थे अधजले नोट

**नई दिल्ली, 5 मई।** जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास परिसर के स्टोर में कथित तौर पर अधजले नोट की बरामदगी के आरोपों की आंतरिक जांच करने वाली तीन जजों की समिति ने सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना को रिपोर्ट सौंप दी है। जस्टिस यशवंत वर्मा के आधिकारिक आवास से कथित तौर पर नकद राशि मिलने के आरोपों की आंतरिक जांच कर रही तीन-सदस्यीय समिति ने 4 मई को चीफ जस्टिस संजीव खन्ना को अपनी रिपोर्ट सौंप दी।

सुप्रीम कोर्ट की प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक जस्टिस शील नागू (मुख्य न्यायाधीश, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय), जस्टिस जी.एस. संधावालिया (मुख्य न्यायाधीश, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय) और जस्टिस अनु शिवरामन (न्यायाधीश, कर्नाटक उच्च न्यायालय) की तीन-सदस्यीय समिति ने अपनी रिपोर्ट दी है। यह समिति 22 मार्च को तब गठित की गई थी जब यह खबर सामने आई थी कि दिल्ली हाई कोर्ट के तत्कालीन जस्टिस वर्मा के सरकारी आवास के बाहरी परिसर में स्थित स्टोररूम से, आग बुझाने की कार्यवाही के दौरान, भारी मात्रा में नकद राशि का कथित रूप से पता चला। उस समय वे दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में कार्यरत थे।

इस घटना के बाद उन्हें उनके मूल हाई कोर्ट यानी इलाहाबाद हाई कोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया था। इस मामले में चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस .के. उपाध्याय की प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर फैसला लिया कि तीन जजों की कमिटी आंतरिक जांच करेगी। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस की रिपोर्ट में कहा गया था कि इस पूरे मामले की गहन जांच की आवश्यकता है।

14 मार्च को जस्टिस वर्मा के घर पर लगी आग बुझाने की कार्रवाई के दौरान की कुछ तस्वीरें सामने आई थी जिसमें दिखाया गया था कि जस्टिस वर्मा के सरकारी आवास के परिसर में स्थित स्टोर में कथित तौर पर नोटो की गड्डियां जली हुई थी।

### संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी को हाईकोर्ट से राहत

**लखनऊ, 5 मई (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राहुल गांधी की नागरिकता को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान न्यायालय ने याची एस विग्नेश शिशिर को सलाह दी है कि वह अन्य वैकल्पिक फोरम पर जा सकते हैं।

न्यायमूर्ति एआर मसूदी एवं न्यायमूर्ति राजीव सिंह की खंडपीठ ने कहा कि केंद्र सरकार याची की शिकायत को निस्तारित करने की कोई समय सीमा नहीं बता पा रही है। ऐसे में इस याचिका को विचाराधीन रखने का कोई औचित्य नहीं बनता।

### वक्फ संशोधन कानून पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टली

**नई दिल्ली, 5 मई।** केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 15 मई को न्यायमूर्ति बी आर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सुनवाई तय की। अब वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट में 15 मई को अगली सुनवाई होगी।

सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा कि आदेश पारित करने से पहले इस मामले पर उचित सुनवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हर किसी की बात सुननी होगी। बता दें कि सीजेआई संजीव खन्ना 13 मई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं और इसी को देखते हुए उन्होंने कहा कि वे कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आदेश सुरक्षित नहीं रखना चाहते हैं। इसलिए उन्होंने ये केस दूसरी पीठ के समक्ष रखा है। जैसे ही मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ सुनवाई के लिए बैठी, सीजेआई ने कहा कि कुछ ऐसे पहलू हैं जिनसे केंद्र ने निपटा है, लेकिन उन्हें स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। सीजेआई ने आगे कहा, 'मैं अपने कार्यकाल के अंतरिम चरण में कोई निर्णय या आदेश सुरक्षित नहीं रखना चाहता।

## खत्म हो आरक्षण की 50 प्रतिशत तक की सीमा: राहुल

**निजी शिक्षण संस्थानों में भी लागू हो आरक्षण: कांग्रेस**

**नई दिल्ली, 5 मई।** कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि जातिगत जनगणना के साथ ही यह सुनिश्चित होना चाहिए कि आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा खत्म हो तथा निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू किया जाए।

पार्टी के ओबीसी, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति विभागों के प्रमुखों ने संवाददाताओं से बातचीत में यह दावा भी किया कि कांग्रेस और राहुल गांधी के दबाव में सरकार जातिगत जनगणना के लिए तैयार हुई है।

कांग्रेस के ओबीसी विभाग के अध्यक्ष अनिल जयहिंद ने कहा, "जब मनमोहन सिंह जी प्रधानमंत्री और अर्जुन सिंह जी शिक्षा मंत्री थे, तब हमारे संविधान में 93वां संशोधन किया गया था और उसमें अनुच्छेद 15(5) के तहत दलितों, आदिवासियों और समाज के सामाजिक और शैक्षणिक रुप से पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए शिक्षण संस्थानों में आरक्षण का प्रावधान लागू हुआ।"

उन्होंने कहा कि उस समय सरकारी शिक्षण संस्थानों में ये आरक्षण लागू हो गया, लेकिन निजी संस्थानों के लोग इसे अदालत में ले गए, जहां ये मामला आगे बढ़ता चला गया।

## पुंछ में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़

**मेंढर/जम्मू, 5 मई।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के एक वन क्षेत्र में एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ करते हुए वहां से पांच संवर्धित विस्फोटक उपकरण (आईईडी) और दो वायरलेस सेट बरामद किए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस्तेमाल के लिये तैयार पांचों आईईडी (जिनका वजन आधा किलोग्राम से पांच किलोग्राम के बीच था) को मौके पर ही नियंत्रित विस्फोट में नष्ट कर दिया गया। इससे सीमावर्ती जिले में विस्फोट करने की आतंकवादियों की साजिश विफल हो गई।

उन्होंने बताया कि रविवार देर शाम सुरनकोट के मरहोटे इलाके के सुरंथल में सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह द्वारा संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया।

## बिना सबूत के ईडी लगा रही आरोपः सुप्रीम कोर्ट

**शराब घोटाला**
- अरविंद सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी कोर्ट

**नई दिल्ली, 5 मई।** सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीगढ़ शराब घोटाला मामले में एक आरोपी के खिलाफ "बिना किसी सबूत" के आरोप लगाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को सोमवार को फटकार लगाई और कहा कि यह एक चलन बन गया है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ छत्तीसगढ़ में कथित 2,000 करोड़ रुपये के शराब घोटाले में अरविंद सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

पीठ ने कहा, "ईडी ने कई मामलों में यही तरीका अपनाया है। आप बिना किसी सबूत के सिर्फ आरोप लगाते हैं। अभियोजन इस तरीके से अदालत के सामने टिक नहीं पाएगा।" सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने आरोप लगाया कि सिंह ने विकास अग्रवाल नामक एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलीभगत करके 40 करोड़ रुपये कमाए। जब अदालत ने पूछा कि क्या अग्रवाल को आरोपी बनाया गया है, तो राजू ने जवाब दिया कि वह फरार है। पीठ ने कहा, आपने एक विशिष्ट आरोप लगाया है कि उन्होंने (सिंह ने) 40 करोड़ रुपये कमाए। अब आप इस व्यक्ति का इस या किसी अन्य कंपनी से संबंध नहीं दिखा पा रहे हैं। अदालत ने कहा, आपको यह बताना चाहिए कि क्या वह उन कंपनियों के निदेशक हैं, क्या वह बहुलांश शेयरधारक हैं, क्या वह प्रबंध निदेशक हैं। कुछ तो होना ही चाहिए। राजू ने कहा कि कोई व्यक्ति किसी कंपनी को नियंत्रित कर सकता है, लेकिन जरूरी नहीं कि वह कंपनी के संचालन के लिए जिम्मेदार हो। शीर्ष अदालत ने कहा कि एजेंसी बेबुनियाद आरोप लगा रही है। मामले की अगली सुनवाई नौ मई को होगी।शीर्ष अदालत ने 28 अप्रैल को छत्तीसगढ़ सरकार की खिंचाई करते हुए पूछा था कि वह राज्य सरकार के अधिकारियों द्वारा दर्ज शराब घोटाला मामले में आरोपी को कब तक जेल में रखेगी। अदालत ने उल्लेख किया था कि मामले में तीन आरोपपत्र दाखिल किए गए हैं और जांच अब भी जारी है। पीठ ने मौखिक टिप्पणी में कहा था, जांच अपनी गति से चलती रहेगी। यह अनंत काल तक चलती रहेगी। तीन आरोपपत्र दाखिल किए जा चुके हैं। आप व्यक्ति को हिरासत में रखकर एक तरह से उसे दंडित कर रहे हैं। आपने प्रक्रिया को ही सजा बना दिया है। यह कोई आतंकवादी या तिहरे हत्याकांड का मामला नहीं है। राज्य सरकार ने जमानत याचिकाओं का विरोध करते हुए कहा था कि आरोपी का मामले में अन्य आरोपियों के साथ आमना-सामना कराया जाएगा। आरोपी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ अग्रवाल ने दलील दी थी कि मामले में तीन आरोपपत्र दाखिल किए जा चुके हैं और आरोप अभी तय नहीं किए गए हैं। शीर्ष अदालत ने अरविंद सिंह और अमित सिंह का पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा से आमना-सामना कराने की अनुमति दे दी और मामले की अगली सुनवाई नौ मई के लिए तय की।

## दिल्ली दंगे के आरोप से 12 लोग बरी

**राहत**



- दिल्ली दंगे: अदालत ने हत्या और साजिश के आरोपों से 12 लोगों को किया बरी

**नई दिल्ली, 5 मई।** दिल्ली की एक स्थानीय अदालत ने 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों से संबंधित एक मामले में हत्या और आपराधिक साजिश के आरोपी 12 लोगों को बरी कर दिया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, आरोपी 26 फरवरी, 2020 को गोकलपुरी इलाके में हाशिम अली नामक व्यक्ति की हत्या करने वाली दंगाई भीड़ का हिस्सा थे।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला ने कहा कि परिस्थितिजन्य साक्ष्य भीड़ का हिस्सा होने के रूप में आरोपी की पहचान स्थापित करने के लिए अपर्याप्त थे। 30 अप्रैल को दिए गए अपने 52 पृष्ठ के आदेश में न्यायाधीश ने कहा, 'मुझे लगता है कि परिस्थितिजन्य साक्ष्य के नाम पर कुछ ऐसे साक्ष्य मौजूद हैं, जो किसी भी आरोपी व्यक्ति को अपराधी भीड़ का सदस्य बताने के लिए अपर्याप्त हैं।'

इसके बाद अदालत ने लोकेश कुमार सोलंकी, पंकज शर्मा, अंकित चौधरी, प्रिंस, जतिन शर्मा, हिमांशु ठाकुर, विवेक पांचाल, ऋषभ चौधरी, सुमित चौधरी, टिंकू अरोड़ा, संदीप और साहिल को बरी कर दिया। इसमें कहा गया कि अभियोजन पक्ष ने परिस्थितिजन्य साक्ष्य पर भरोसा किया था क्योंकि प्रत्यक्षदर्शियों ने आरोपी की पहचान करने के लिए उसके मामले का समर्थन नहीं किया था।

अदालत ने अभियोजन पक्ष की इस दलील को भी खारिज कर दिया कि कुछ आरोपी व्यक्ति (जो 'कट्टर हिंदू एकता' नामक एक व्हाट्सएप ग्रुप का हिस्सा थे) ने अपनी चैट में हत्या की बात कबूल की थी।

## बिहार में बालू माफियाओं की सरकार? अवैध बालू खनन पर रोकथाम के लिए गठित टास्क फोर्स बनी मुगदर्शक या शेयरदार करें तय

### जिला टास्क फोर्स के अध्यक्ष होते हैं ज़िलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक होते हैं सचिव, डेढ़ साल में कभी नहीं किया रेड

### ई. सी एरिया से बाहर अवैध खनन आम बात, पटना जिले के कटारी, बेरर टोला, सरदा छपरा, धाना निसरपुरा, जलपुरा में पुरी रात अवैध खनन

### अधिवक्ता मणिभूषण प्रताप सेंगर व ग्रामीण रंजीत कुमार ने अवैध खनन को लेकर पुलिस- प्रशासन व खनन विभाग को दिया दर्जनों आवेदन

■ रवीश कुमार मणि

**पटना (अ सं)।** अवैध बालू खनन के रोकथाम और बालू माफियाओं के लिए नये बालू खनन नीति बनाईं गयी। मुख्यालय, प्रमंडल, व जिला स्तर पर टास्क फोर्स गठित का प्रावधान है। डेढ़ वर्ष में किसी ज़िलाधिकारी सह टास्क फोर्स के अध्यक्ष ने अवैध बालू खनन के खिलाफ कोई रेड नहीं मारा है, व खुलकर मीडिया में कोई बयान दिया है। सवाल उठता है क्या बिहार में बालू माफियाओं की सरकार है। अवैध बालू खनन के लिए सरकार द्वारा गठित टास्क फोर्स क्यों मुगदर्शक बनी हुई है. क्या शेयरदार है और सबकुछ तय है। यह बिहार के आम - अवाम को तय करना होगा।

केन्द्रीय एजेंसी ईडी व स्टेट जांच एजेंसी ईओयू ने दारोगा- इंस्पेक्टर से लेकर डीएसपी- एसपी और सीओ से लेकर एसडीओ तक को बालू माफियाओं से साठगांठ रखने में नाप दिया वहीं बालू माफियाओं का साम्राज्य आज भी कायम है और रात्रि में अवैध खनन बड़े पैमाने पर हों रही है एवं रात्रि में खुलेआम सोन नदी से सड़क मार्ग पर अवैध व चोरी के करोड़ों का बालू बाजार में बिक रहा है या फजी तरीके से स्टॉक हो रहा है । सूबे के खनन मंत्री सह उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को कई बार यह कहते हुए सुना गया है की अवैध बालू खनन की सूचना देनेवाले को इनाम दिया जायेगा । मंत्री जी यह पता कर या जांच करा यह स्पष्ट करना चाहेंगे की अधिवक्ता मणिभूषण प्रताप सेंगर व रानीतलाब थाना के सरदा छपरा गांव निवासी रंजीत कुमार ने अवैध बालू खनन के कितने शिकायत किया है।

जी हां आपके पास अगर आंकड़ा नहीं है तो हम बता देते हैं अधिवक्ता मणिभूषण प्रताप सेंगर ने वर्ष 2024 में प्रधान सचिव व जिला पदाधिकारी पटना को 14 आवेदन दिया है एवं वर्ष 2025 में 6 आवेदन दिया है । आवेदन के आलोक में केन्द्रीय खनन मंत्रालय ने बिहार खनन निदेशक को कार्रवाई के लिए पत्र प्रेषित किया है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अधिवक्ता मणिभूषण प्रताप सेंगर ने सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत अवैध खनन से जुड़े दर्जनों सूचनाएं मांग किया। निर्धारित समय पर सूचना नहीं मिलने पर अपील दाखिल किया है लेकिन कोई जबाब नहीं मिला। रंजीत कुमार ने वर्ष 2024 - 2025 में 9 आवेदन अवैध खनन का रानीतलाब थाना, सिटी एसपी, एसडीओ, ज़िलाधिकारी, खनन विभाग के तमाम वरीय अधिकारी से लेकर खनन मंत्री सह उप मुख्यमंत्री को दिया है लेकिन क्या कार्रवाई हुई है। आप स्वयं तय करें।

**टास्क फोर्स ने डेढ़ साल में कभी नहीं किया रेड, अवैध खनन बदस्तूर जारी**

खनन विभाग का मुख्यालय पटना है। मुख्यालय से सोन नदी की दूरी मात्र 20 किलोमीटर से शुरू हो जाती है जो 65 किलोमीटर तक फैला है। पटना जिला में बिहटा से लेकर पालीगंज तक सोन नदी में बालू का खनन होता है। अवैध से जुड़े लगातार शिकायतें मिलती है व अखबार में हमेशा खबरें प्रकाशित होते रहा है। सूत्रों की मानें तो 200-300 आवेदन अवैध खनन से जुड़े विभाग को मिला है। नये बालू खनन नीति में बनाएं गये प्रावधान के अनुसार पटना प्रमंडल के आयुक्त,अध्यक्ष है एवं सचिव हैं पुलिस महानिरीक्षक, पटना जिला के अध्यक्ष है ज़िलाधिकारी व सचिव है पुलिस अधीक्षक एवं अनुमंडल में अध्यक्ष है एसडीओ व सचिव है डीएसपी। डेढ़ वर्ष में प्रमंडल व जिला में टास्क फोर्स के अध्यक्ष सचिव ने कब संयुक्त रूप से रेड किया है व कब सोन नदी का निरीक्षण किया है। जबकि वर्तमान में भी बदस्तूर अवैध बालू खनन जारी है।

**सरकारी फाइल में खनन बंद परंतु बालू माफियाओं के लिए खुलीं छूट**

पटना जिला के सोन नदी में जलपुरा घाट संख्या -5 , धाना निसरपुरा , सरदा छपरा ( जनपारा), बेरर टोला ( जनपारा ) , कटारी बालू घाट सरकारी फाइल में बंद है। बंदोबस्तधारियों ने बालू घाट को सरेंडर कर दिया है। दिखावे के लिए बालू बंद है परंतु प्रतिदिन रात्रि में सैकड़ों ट्रैक्टर व हाइवा से चोरी का बालू बिहटा-महाबलीपुर मेन रोड एवं सोन कैनाल से निकाली जाती है। संध्या होते ही बालू चोरी के लिए उक्त गांव स्थित बालू घाटों पर पॉकलेन की गरजना शुरू हो जाती है। इस संबंध में सरदा छपरा निवासी रंजीत कुमार ने लिखित शिकायत किया है की अवैध खनन कर बालू का चोरी किया जा रहा है। इसमें सरकारी कर्मियों की मिलीभगत है। रूपया वसूली करने बालू घाट तक आते है। बालू माफियाओं को चोरी से अवैध बालू खनन करने की छूट है। करोड़ों का बालू प्रतिदिन निकासी किया जा रहा है। खनन विभाग को प्रतिदिन नुकसान हो रहा है जीएसटी व सीजीएसटी कर की भी चोरी बालू माफिया कर रहे है। अब देखना है की अवैध बालू खनन व चोरी के बालू पर रोक लगती है की नहीं।

### चिराग और प्रशांत किशोर के बीच पनप रही गठबंधन कैमेस्ट्री

## बिहार: विस से पहले तीसरे गठबंधन के संकेत

■ कुमार सौवीर

**सियासत**
- चिराग की लोकजनशक्ति पार्टी के पास 7 प्रतिशत वोट बैंक
- उपचुनाव में पीके की पार्टी को मिल चुके 8 से 10 प्रतिशत वोट
- दोनों पार्टियां बिहार चुनाव में बन सकतीं हैं उभरती ताकत

**नई दिल्ली, 5 मई।** कुछ रोज पहले जब लोक जनशक्ति पार्टी (पासवान ) के नेता और एनडीए के सहयोगी चिराग पासवान ने जब ये कहा था कि वे अब बिहार लौटना चाहते है और केन्द्र की राजनीति में उनकी दिलचस्पी नहीं है, तब राजनीतिक क्षेत्रों में लोगों ने उसके अपने तरीके से निहितार्थ निकाले थे। लेकिन अब, जब विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में थर्ड फ्रंट तैयार होने की चर्चा तेज हो चुकी है, सियासी गलियारों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हनुमान कहे जाने वाले केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के बयान की अहमियत समझ आ रही है।

दरअसल, चिराग और जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर उर्फ पीके के बीच पनप रही राजनीतिक कैमेस्ट्री बिहार में एक तीसरे नये गठबंधन की संभावनाएं पैदा कर रही है।

पहले से भी चिराग पासवान और पीके के बीच विभिन्न मुद्दो पर विचारों में समानता स्पष्ट रही है, जो कि दोनों को एकता और अलगाव में एक दूसरे से जोड़ती है। उनके इस विचार के केंद्र में बिहार में शासन की मौजूदा स्थिति के प्रति साझा असंतोष है। जो दोनों की नई कैमेस्ट्री के चलते थर्ड फ्रंट की सम्भावना बना रहे हैं।

चिराग जहां बिहार को विकास के नए पथ पर ले जाने की प्रबल इच्छा जता रहे हैं जिसमें उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और युवाओं को रोजगार का मुद्दा अहम है तो उधर, जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर बिहार के व्यापक विकास की महत्वाकांक्षा रखते हैं।

प्रशांत किशोर लंबे समये से लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार के कथित कुशासन का विरोध करते आ रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रशासन में शराबबंदी के विवादास्पद मुद्दे पर चिराग पासवान और प्रशांत किशोर दोनों एक दूसरे से इत्तेफाक रखते हैं। प्रशांत किशोर ने शराब नीति की मुखर आलोचना करते हुए कहा कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो तुरंत इसे रद्द कर दिया जाएगा।

# ईवीएम और वीवीपीएटी के एफएलसी कार्य का हुआ निरीक्षण



**दरभंगा, 05 मई (तरुणमित्र)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम राजीव रौशन ने आगामी विधान सभा चुनाव के लिए ईवीएम और वीवीपीएटी की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) कार्य का निरीक्षण किया। प्रत्येक चुनाव से पहले संबंधित निमार्ता के अधिकृत इंजीनियरों द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी की देख - रेख में चुनाव में इस्तेमाल की जाने वाली ईवीएम और वीवीपीएटी की जांच और परीक्षण किया जाता है।

चुनाव में ईवीएम और वीवीपीएटी के इस्तेमाल के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के अधिकृत इंजीनियरों द्वारा ईवीएम और वीवीपीएटी की प्रथम स्तरीय जांच 2 मई से 22 मई तक वीवीपैट वेयरहाउस बहादुरपुर में निर्धारित है। एफएलसी प्रक्रिया की मॉनिटरिंग की व्यवस्था जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी और भारत के चुनाव आयोग के स्तर पर की गई है।

मौके पर अपर समाहर्ता जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार, अपर समाहर्ता विभागीय जांच कुमार प्रशांत, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश कुमार आदि मौजूद थे।

## लिंगानुपात सुधार हेतु बीएलओ कि बैठक आयोजित

**कुरसेला, कटिहार, 05 मई (तरुणमित्र)।** कुरसेला प्रखंड कार्यालय स्थित प्रसाल भवन में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमारी प्रियंवदा की अध्यक्षता में सभी बीएलओ की आवश्यक बैठक रखी गई। जिसमें लिंगानुपात जेनरल रेसिओ सुधार हेतु मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें मतदान केंद्रों 57, 65, 67, 72, 73, 76, 78, 82, 86, 88, 92, 93, 94, 95 पर जेंडर रेशीयो मे सुधार कम होने के कारण उक्त मतदान केंद्रों के बीएलओ को सख्त निर्देश दिया गया कि जल्द से जल्द अधिक से अधिक महिला मतदाता का नाम जोड़ने हेतु प्रपत्र 06 भरकर ऑनलाइन प्रविष्टि दाखिल करें। बैठक में मुख्य रूप से बीपीआरओ शांतनु ठाकुर, प्रधान सहायक संतोष कुमार एवं विस्तृत जानकारी हेतु शिक्षक कुमार गौरव एवं सभी बीएलओ उपस्थित थे।

बैठक के दौरान बीडीओ कुमारी प्रियंवदा ने बताया कि उक्त कार्य के संदर्भ में विशेष जानकारी एवं प्रशिक्षण हेतु प्रखंड क्षेत्र के दो बीएलओ कन्हैया कुमार कन्हैया और प्रदीप कुमार मंडल आगामी 7 मई को प्रखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु पूर्णिया जाएंगे।

# 600 बोरा चीनी गायब मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार, 55 बोरा चीनी बरामद

**नालंदा, बिहारशरीफ 05 मई (तरूणमित्र)।** बिहार के गोपालगंज से बिहारशरीफ के लिए भेजे गए चीनी लदे ट्रक से 600 बोरा चीनी गायब होने की घटना का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर लिया है। इस मामले में पटना जिले से तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है और उनकी निशानदेही पर 55 बोरा चीनी भी बरामद की गई है।

घटना का उद्भेदन जिला आसूचना इकाई और दीपनगर थाना की संयुक्त कार्रवाई से की गई है। उक्त आशय की जानकारी सोमवार को सदर आरक्षी उपाधीक्षक नुरुल हक ने दी। उन्होंने बताया कि बिहारशरीफ के व्यापारी सत्येंद्र कुमार ने 26 अप्रैल 2025 को दीपनगर थाना में आवेदन देकर बताया कि उन्होंने 12 लाख 88 हजार 665 रुपये का भुगतान कर 600 बोरा चीनी गोपालगंज से बिहारशरीफ लाने के लिए बुक किया था। यह माल 24 अप्रैल को ट्रक संख्या बीआर-28 जीए-9700 पर लोड होकर रवाना हुआ था। 25 अप्रैल को ड्राइवर ने फतुहा में होने की सूचना दी थी लेकिन इसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया।

अगले दिन जीपीएस के आधार पर ट्रक खाली अवस्था में मामू भगीना मोड़ बिहारशरीफ में पाया गया।इस सूचना पर दीपनगर थाना में मामला दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी।जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों और अन्य पहलुओं से यह स्पष्ट हुआ कि घटना में ट्रक ड्राइवर की संलिप्तता है। इसके बाद जिला आसूचना इकाई और दीपनगर थाना की संयुक्त टीम ने 3 मई की रात से छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान पटना जिले के विभिन्न स्थानों से तीन आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है, जिसकी पहचान सत्यप्रकाश राय (32), ग्राम- दुल्ली घाट, थाना- खाजेकला प्रदीप कुमार (30), ग्राम- जल्ला रोड, थाना- आलमगंज, राकेश कुमार (37), साकिन- चैलीटॉड, गुलजारबाग, थाना- आलमगंज के निवासी के रूप में की गयी है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि राकेश कुमार पटना के गल्ला व्यवसायी गोलू कुमार का भाई है और उसी ने ड्राइवर के साथ मिलकर पूरे षड्यंत्र की साजिश रची थी। ट्रक को फतुहा पहुंचाकर उसमें लदी चीनी को दूसरी गाड़ियों में उतारकर विभिन्न स्थानों पर भेजा गया। बरामदगी के दौरान फिलहाल 55 बोरा चीनी जब्त की गई है।

# विगत 11 माह से रसोईया विद्यालय से अनुपस्थित, विद्यालय बुलावे पर लगाया मनगढंत आरोप




**कुरसेला, कटिहार, 05 मई (तरुणमित्र)।** कुरसेला प्रखंड क्षेत्र के नगर पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुरसेला ग्राम मे कार्यरत पूजा देवी विगत 11 महीना से अनुपस्थित चल रही है। वहीं रसोइया के पद पर काम करने वाली अनुपस्थित चल रही पूजा देवी 11 महीने बाद विद्यालय के प्रधानाध्यापक पर जातिसूचक शब्द का प्रयोग तथा अन्य आरोप लगाया है।

इस संदर्भ में प्रधानाध्यापक ध्रुवनारायण से पूजा देवी द्वारा उनके ऊपर लगाये गये आरोप के संबंध में पूछे जाने पर उनके द्वारा बताया गया कि उनके प्रधानाध्यापक के पद पर विद्यालय में योगदान (सितंबर 2023) के पूर्व से ही पूजा देवी रसोईया के पद पर कार्यरत है। शौचालय की साफ- सफाई एवं अन्य कार्य एनजीओ के माध्यम से स्वीपर के द्वारा करवाया जाता है,किसी रसोईया से नहीं ।रसोईया पूजा देवी विगत 20 मई 2024 से लगातार बिना सूचना विद्यालय से अनुपस्थित है। कई बार उसे विद्यालय आने के लिए खबर भिजवाया गया लेकिन वह विद्यालय नहीं आई।

विद्यालय शिक्षा समिति की बैठक में विद्यालय में योगदान करने हेतु उसे पत्र /स्मारक पत्र देने का निर्णय लिया गया। विद्यालय में योगदान हेतु पत्र देने पर वह पत्र लेने से इंकार कर जाती है। उसका कहना है इतना कम पैसा (रसोईया का मानदेय 1650 रुपए) में नहीं पोसाता है, कैसे काम करेंगे। विद्यालय में योगदान करने हेतु उसे डाक से भी पत्र भेजा गया है। अभी तक वह विद्यालय में योगदान करने नहीं आई है। 11 माह से ज्यादा बीत जाने के बाद दूसरे के बहकावे में आकर रसोईया पूजा देवी द्वारा लगाए गए सभी आरोप मनगढ़ंत, निराधार एवं बेबुनियाद है। इससे पूर्व भी पूर्व बीआरपी चंद्रशेखर आचार्य पर भी वह झूठा आरोप लगा चुकी है।

## कोढ़ा एसडीपीओ ने अपराध नियंत्रण को लेकर की बैठक

**कोढ़ा, कटिहार, 05 मई (तरुणमित्र)।** कोढ़ा अनुमंडल पुलिस कार्यालय कक्ष में क्षेत्र में बढ़ते अपराधों पर नियंत्रण और पुलिसिंग को और प्रभावी बनाने को लेकर एसडीपीओ टू धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी स्थानीय थानों के थानाध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक के दौरान एसडीपीओ ने विभिन्न थानों में दर्ज मामलों की समीक्षा की और लंबित मामलों को शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराध पर नियंत्रण के लिए गश्ती व्यवस्था को और मजबूत किया जाए। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जाए और आम जनता के साथ बेहतर समन्वय बनाकर सूचना तंत्र को सक्रिय किया जाए। एसडीपीओ ने थानाध्यक्षों से उनके-अपने क्षेत्रों में अपराध की स्थिति, दर्ज मामलों, गिरफ्तारी की गई संख्या तथा अन्य कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट भी मांगी। उन्होंने कहा कि पुलिस को जनता के विश्वास पर खरा उतरना होगा और कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

# निष्ठा, त्याग व पवित्रता की प्रतीक हैं मां जानकी : डॉ. धर्मशीला



**दरभंगा, 05 मई (तरुणमित्र)।** निष्ठा, त्याग व पवित्रता की प्रतीक मां जानकी के आदर्श आज के युग में पहले से भी अधिक प्रासंगिक है। धरती पुत्री जानकी का प्राकट्य दिवस को धूमधाम से मनाया जाए। यह बातें राज्यसभा सांसद डॉ धर्मशीला गुप्ता ने जानकी नवमी₹ की शुभकामनाएं देते हुए कही।

सांसद ने मिथिला के हर घर में जानकी पूजन सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इससे मिथिला में नारी सशक्तिकरण का अभियान और ज्यादा विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि जानकी नवमी सिर्फ जन्मोत्सव नहीं है यह एक ऐसा दिन है जो हर युग को ये याद दिलाता है कि मौन में भी शक्ति होती है और सहनशीलता में भी क्रांति होती है। माता सीता उस आदर्श का नाम है जिसने एक स्त्री की भूमिका को नई ऊंचाई दी।

सांसद ने कहा कि जहां शक्ति को केवल बाहरी रूप से मापा जाता है वहां माता सीता हमें बताती हैं कि असली बल संयम, सहिष्णुता और आंतरिक दृढ़ता में होता है। शक्ति का अर्थ केवल प्रतिकार नहीं बल्कि सहनशीलता में भी छिपा होता है। डॉ.गुप्ता ने कहा कि अयोध्या की तरह मिथिला के पुनौराधाम में जानकी मंदिर तथा भव्य एवं दिव्य प्रतिमा की स्थापना की जाएगी जो पूरी देश दुनिया को आकर्षित करेगा और मातृशक्ति का संदेश देगा।

## संक्षिप्त समाचार

### दिव्यांग बच्चों के लिए दिव्यांगता पहचान शिविर का शुभारंभ

**कटिहार, 05 मई (तरूणमित्र)।** जिला बुनियाद केन्द्र कटिहार में सोमवार को दिव्यांग बच्चों की पहचान एवं प्रमाणीकरण के लिए आयोजित दिव्यांगता पहचान शिविर का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश हेमंत कुमार त्रिपाठी और जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने किया। इस शिविर में 0 से 18 वर्ष आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों का दिव्यांगता प्रमाणीकरण, स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना तथा सरकारी योजनाओं से आच्छादन हेतु विशेष चिकित्सकों की टीम के द्वारा दिव्यांग बच्चों की पहचान और प्रमाणीकरण कर यूडीआईडी कार्ड का निर्माण किया जा रहा है। शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने दिव्यांग बच्चों को ट्राईसाईकिल और व्हील चेयर का वितरण किया और उन्हें समाज के मुख्य धारा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। जिला पदाधिकारी ने शिविर का निरीक्षण किया और शत-प्रतिशत लाभुकों को लाभ देने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। सिविल सर्जन जितेन्द्र नाथ सिंह ने बताया कि रोस्टर के अनुसार शिविर का उद्घाटन आज बुनियाद केन्द्र कटिहार में किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रतिनियुक्त चिकित्सक के द्वारा 07 मई को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कोढ़ा, 08 को अनुमंडलीय अस्तपताल, बारसोई, 09 को अनुमंडलीय अस्तपताल, मनिहारी, 10 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बलरामपुर, 13 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कदवा 14 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बरारी, एवं 15 मई को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राणपुर में शिविर आयोजित की जाएगी। सहायक निदेशक अमरेश कुमार ने बताया कि यूडीआईडी कार्ड कई तरह का लाभ प्रदान करता है, जैसे कि सरकारी योजनाओं का लाभ, पेंशन, रेल/बस सेवा में छूट, रोजगार और स्वास्थ्य सेवा आदि में सहायक होता है। इस शिविर में शिक्षा विभाग के बच्चों के साथ-साथ आंगनबाड़ी केन्द्र में निबंधित दिव्यांग बच्चों का यूडीआईडी कार्ड बनाने हेतु भागीदारी सुनिश्चित की गई है। शिविर में जिला प्रबंधक सक्षम विजय कुमार भी उपस्थित रहे।

### हड़ताल पर गए पंचायत सचिवों के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को सौंपा मांग पत्र

**भागलपुर, 05 मई (तरूणमित्र)।** विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए पंचायत सचिवों के प्रतिनिधिमंडल सोमवार को बिहपुर एनडीए कार्यालय में विधायक सह सत्तारूढ़ दल के सचेतक ई शैलेंद्र से मिले। इस दौरान उन्हें नौ सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपकर इसे सरकार तक पहुंचाने और मांगों को पूरा कराने की दिशा में सकारात्मक पहल करने की मांग किया। विधायक शैलेंद्र ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि आपके बातों को सरकार के संबंधित मंत्री तक पहुंचाएगें। जरूरत पड़ा तो मांग को विस के सदन में सरकार के समक्ष भी उठाने का काम करेगें। पंचायत सचिवों ने विधायक को बताया कि नौ मांगों में सरकार छह मांगों पर विचार करने की बात कह रही है, जबकि जो तीन प्रमुख मांग है। सरकार उसपर पर विचार कर उसे पूरा करे। विधायक शैलेंद्र से मिलने वाले पंचायत सचिवों में भागलपुर समेत राज्य के अन्य जिलों में पदस्थापित पंचायत सचिव शामिल थे। विधायक ने उक्त मांगों को पूरा करने की दिशा में साकारात्मक पहल करने का भरोसा उपस्थित पंचायत सचिवों को दिया। इस मौके पर ललन कुमार साह, बीरबल कुमार, अमन आदर्श, प्रीतम कुमार सुमन, बाबुल कुमार, प्रीतम कुमार समेत अन्य कई पंचायत सचिव शामिल थे। बिहार राज्य पंचायत सचिव संघ के अह्वान पर अपने नौ सूत्री मांगों को लेकर राज्य भर के पंचायत सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं।

### जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष ने संभाला पद

**दरभंगा, 05 मई (तरुणमित्र)।** समाहरणालय परिसर स्थित बीस सूत्री के जिला कार्यालय में सोमवार को उपाध्यक्ष गोपाल मंडल और जीवछ सहनी ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर मौजूद बस सूत्री सदस्यों ने दोनों उपाध्यक्ष को पाग - चादर से सम्मानित किया।



वहीं पदभार ग्रहण के बाद दोनों उपाध्यक्ष ने कहा की बीस सूत्री कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण सरकारी कार्यक्रम है। जो ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह कार्यक्रम गरीबी उन्मूलन, रोजगार सृजन और सामाजिक - आर्थिक विकास में योगदान देता है। कार्यालय पर आने वाले कार्यकताओं और आम जनता की जनसमस्या को सुना जाएगा और निदान भी किया जाएगा। मौके पर सदस्य अभय झा, सपना भारती, रमेश प्रसाद, बालेन्दु झा, अंकुर गुप्ता एवं अशोक नायक, अमलेश झा भी उपस्थित थे।

### विधानसभा निर्वाचन को लेकर स्वीप कोर कमिटी की हुई बैठक




**दरभंगा, 05 मई (तरुणमित्र)।** समाहरणालय स्थित अंबेडकर सभागार में विधानसभा निर्वाचन के स्वीप गतिविधियों के संचालन एवं मतदान के प्रति जागरूकता संबंधित कार्यक्रमों की क्रियान्वयन के लिए स्वीप कोर कमिटी की बैठक हुई। डीडीसी चित्रगुप्त कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्वप्रथम स्वीप संबंधी कार्य योजना के तैयारी की समीक्षा हुई। जिसमें उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि विगत चुनाव में जिन मतदान केंद्रों पर मतदान का प्रतिशत काफी कम रहा है उस मतदान के निर्वाचकों को विशेष अभियान के तहत मतदान के प्रति जागरूक किया जाएगा। चुनाव में शत - प्रतिशत वोटर टर्न आउट सुनिश्चित किये जायेंगे। डीडीसी ने स्वीप संबंधित कार्य योजना की समय - समय पर समीक्षा करने का निर्देश दिया।उन्होंने स्वीप कोर कमिटी की अगली बैठक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी सीडीपीओ को शामिल करने का निर्देश दिया। बैठक में आईसीडीएस डीपीओ चांदनी सिंह, वरीय उप समाहर्ता वृषभानु चंद्रा, प्रियंका कुमारी, डीपीएम जीविका डॉ. ऋचा गार्गी आदि मौजूद थे।

# युवा संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करेंगे सैयद जफर



**दरभंगा, 05 मई (तरुणमित्र)।** आगामी 10 मई को भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम एक दिवसीय दौरे पर दरभंगा आयेंगे। इस दौरान वे केवटी के लाधा में वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के अंतर्गत युवा संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करेंगे।

युवा संवाद कार्यक्रम की सफलता को लेकर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष संतोष सिंह के निवास स्थान पर बैठक आयोजित की गई। जिसे संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रो. आदित्य नारायण चौधरी मन्ना ने कहा कि देशव्यापी कार्यक्रम के तहत दरभंगा में वक्फ सुधार जन जागरण अभियान के अन्तर्गत युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सैयद जफर इस्लाम रहेंगे। इसके साथ ही इस कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक एवं अन्य वरिष्ठ नेता भाग लेंगे।

यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा। इस कार्यक्रम में दरभंगा जिला के युवा एवं अल्पसंख्यक समाज के सैकड़ो लोग शामिल होंगे। बैठक में जिला महामंत्री विजय चौधरी, संतोष पोद्दार, जिला मंत्री बालेंदु झा, राहुल पासवान, कोषाध्यक्ष संतोष सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी, अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष मोहम्मद शब्बानी, युवा मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता कुमार ज्ञानेश, सोशल मीडिया संयोजक भद्राकांत चौधरी गुलशन आदि मौजूद थे।

## दोनार रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य जल्द होगा आरंभ

**दरभंगा, 05 मई (तरुणमित्र)।** जिले के लहेरियासराय चट्टी चौक, दिल्ली मोड़, कगवा गुमती एवं पंडासराय गुमती पर रेलवे ओवरब्रिज बनने का सपना दरभंगा वासियों के लिए जल्द ही साकार होने वाला है। अब यहां के लोगों को ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत मिलेगी। यह बातें राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने कहा कि दशकों से जिला के लोग ओवरब्रिज की मांग कर रहे थे लेकिन अब विभाग की ओर से आधिकारिक रूप से आदेश जारी कर दिया गया है। अब एग्रीमेंट के बाद निर्माण की प्रक्रिया शुरू होगी। राज्यसभा सांसद ने कहा कि दरभंगा में इन सभी आरओबी निर्माण के लिए परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग की सेतु बंधन योजना के तहत पथ परिवहन विभाग ने अपने फंड से राशि की स्वीकृति दे दी है।

# डेटॉल बनेगा 'स्वस्थ इंडिया प्लान इंडिया' के द्वारा विश्व हाथ स्वच्छता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित




**कोलासी, कटिहार, 05 मई (तरुणमित्र)।** विश्व हाथ स्वच्छता दिवस के अवसर पर डिटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया प्लान इंडिया स्वच्छता शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत उत्क्रमित विद्यालय धमेर्ली कोढ़ा कटिहार के प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों ने भी अपने हाथ को धोकर कार्यक्रम को मनाया, उक्त अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बिनोद कुमार पासवान ने कहा कि विश्व हाथ स्वच्छता दिवस हर साल 5 मई को मनाया जाता है, यह एक वैश्विक कार्यक्रम है जो स्वास्थ्य सेवा सुविधाओं में हाथ स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालता है जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं में हाथ स्वच्छता मानकों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए दुनिया भर के लोगों को एकजुट करना है। इस अवसर पर शिक्षक आनंद कुमार ने कहा कि बीमारियों के प्रचार को रोकने और नियंत्रित करने के लिए स्वच्छ हाथ आवश्यक है।

उक्त अवसर पर संस्था के जिला लीड अनिल कुमार ने कहा कि आम लोग अब संक्रमण की रोकथाम में हाथ की सफाई को आधारशिला के रूप में पहचानते हैं वैश्विक कॉविड-19 महामारी के मद्दे नजर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वैश्विक स्तर पर जल स्वच्छता और स्वास्थ्य अभियानों के अलावा हाथ की सफाई को बढ़ावा देने पर अपना ध्यान केंद्रित किया है, इस अवसर पर विद्यालय के सभी बच्चों एवं शिक्षक ने भाग लिया कार्यक्रम में सहयोग विद्यालय समन्वयक सागर कुमार और मनीष कुमार ने किया।

# कटिहार का कुख्यात 25 हजार का इनामी बदमाश पटना से गिरफ्तार

## हत्या और रंगदारी समेत कई मामलों में था नामजद, देसी कट्टा सहित कई हथियार बरामद





**कटिहार, 05 मई (तरुणमित्र)।** पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र में एसटीएफ ने छापेमारी की और कटिहार के कुख्यात अपराधी रणवीर यादव उर्फ कारेलाल को गिरफ्तार कर लिया। करवा नाम से भी उसे जाना जाता रहा है।

कारेलाल कटिहार के कुरसेला थाना क्षेत्र के खेरिया में यादव टोली का रहने वाला है। कुरसेला प्रखंड के पूर्व प्रमुख का पति कारेलाल कई संगीन अपराध का आरोपी रहा है। वह पटना में छिपकर रह रहा था। एसटीएफ को इसकी भनक लग गई। एसटीएफ अस्पताल पहुंच गई। स्टाफ से पूछताछ की गयी और इलाज करा रहे कुख्यात कारेलाल की वहीं से गिरफ्तारी की गई। कारेलाल पटना के कंकड़बाग में एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज करा रहा था। एसटीएफ को इसकी भनक लग गई। एसटीएफ अस्पताल पहुंच गई। स्टाफ से पूछताछ की गयी और इलाज करा रहे कुख्यात कारेलाल की वहीं से गिरफ्तारी की गई। कारेलाल की गिनती कटिहार के कुख्यात अपराधियों में होती है। वह गिरफ्तारी के दौरान पुलिस से कई बार भिड़ चुका है ।सूत्र बताते हैं कि उसपर हत्या, रंगदारी और आर्म्स एक्ट के एक दर्जन से अधिक केस दर्ज हैं।

18 मार्च को कुरसेला थाना इलाके में जुलो यादव की हत्या हुई थी। इसके बाद वो भागकर पटना में छिपा था। एसटीएफ ने कारेलाल को गिरफ्तार करके कटिहार पुलिस को सौंप दिया।

**डांसर की हत्या, मक्का कंपनी के अधिकारी का किया था अपहरण**

कारेलाल अपराध की दुनियां में करीब 15 साल से सुर्खियों में रहा है। रंगरा थाना क्षेत्र के सधवा गांव में उसने आर्केस्ट्रा कार्यक्रम के दौरान एक नर्तकी की गोली मारकर सबसे पहले हत्या की थी। इसके बाद कटिहार के कुरसेला में एक मक्का कंपनी के कामकाज को देखने वाले अधिकारी के अपहरण में भी उसका नाम आया था। ऐसे कई और मामलों में उसका नाम आया था। कटिहार एसपी वैभव शर्मा ने बताया कि टेक्निकल टीम की मदद से अपराधी को पटना में पकड़ा गया। पूछताछ में कारे लाल ने हत्या की बात स्वीकार की।

उसका कहना है कि जुलो यादव ने पहले उस पर गोली चलाई थी। इसी का बदला लेने के लिए उसने हत्या की। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर एक देसी कट्टा, एक पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद किए हैं। ये वही हथियार हैं जो हत्या में इस्तेमाल हुए थे। कारे लाल की गिरफ्तारी से दियारा क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है।

# नीतीश के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ा जाएगा : मनीष वर्मा



पटना, 05 मई (तरूणमित्र)। जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा ने भागलपुर के तीन दिवसीय दौरे के तीसरे दिन सोमवार को पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि नीतीश के नेतृत्व में ही आगामी विधानसभा चुनाव लड़ा जाएगा। चुनाव को लेकर नेतृत्व के सवाल पर मनीष वर्मा ने कहा कि निश्चित रूप से राजग गठबंधन साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी, इसमें कोई संशय नहीं है।

सभी मिलकर चुनाव की तैयारी भी कर रहे हैं और नेतृत्व नीतीश जी का ही रहेगा। जिसके नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाता है, वही आगे नेतृत्व करता है, यह बात स्पष्ट है। मनीष वर्मा ने कहा कि नीतीश सरकार द्वारा किये गए विगत 20 वर्षों के काम को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया जाएगा। पत्रकारों के जातिगत जनगणना पर सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि 1931 से पहले तक जातिगत जनगणना होती रही है। कांग्रेस के शासन में इसको बंद कर दिया गया और बाद में किसी भी सरकार ने कभी भी जातिगत जनगणना नहीं कराई गयी लेकिन हमारे मुख्यमंत्री प्रारंभ से ही जातिगत जनगणना के पक्ष में थे।

उन्होंने संसद में कई बार जातिगत जनगणना को लेकर अपना विचार स्पष्ट किया था। उन्होंने कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री ने जातिगत जनगणना कराई भी, जिससे कि सभी वर्गों के सामाजिक-आर्थिक स्थिति का पता लगाकर, उन्हें जो लाभ मिलना चाहिए, वो हो सके। उनकी स्थिति के हिसाब से उन्हें आरक्षण दिया जाए और उन्हें जरूरत के हिसाब से पॉलिसी बनाकर योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाए। मुख्यमंत्री जी ने जाति का जनगणना बस दिखावे के लिए नहीं किया बल्कि उसकी रिपोर्ट भी सार्वजनिक की और उस हिसाब से काम भी प्रारंभ किया।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्वास्थ्य के प्रश्न पर मनीष वर्मा ने कहा कि तेजस्वी और प्रशांत किशोर, नीतीश कुमार के स्वास्थ्य पर प्रश्न उठाते हैं लेकिन उन्हें यह नहीं दिखता कि जब विगत वर्ष बाढ़ आई तो उन्होंने प्रत्येक बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में स्वयं जाकर वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया, ये लोग तो जवान नेता होकर भी किसी ऐसे स्थान पर नहीं दिखे, उन्हें उनके स्वास्थ्य पर प्रश्न उठाने का अधिकार नहीं है। शराबबंदी को लेकर पूछे गए प्रश्न पर मनीष वर्मा ने कहा कि इसका परिणाम बहुत दूरगामी है। जब शराबबंदी नहीं लागू था, उस समय बिहार की स्थिति बहुत भयावह हो चुकी थी। बच्चों का भविष्य अंधकार में जा रहा था, घरेलू हिंसा से महिलाएं त्रस्त हो चुकी थीं, उस स्थिति में मुख्यमंत्री जी ने बहुत ही साहसिक कदम उठाते हुए शराबबंदी को लागू किया। इसके लिए कानूनी स्तर पर प्रावधान किया। पूरे प्रदेश में जन जागरण का कार्यक्रम चलाया।

शराबबंदी के बाद लोगों के स्वास्थ्य में सुधार आया, घरेलू हिंसा में भारी कमी आई, बच्चों का भविष्य भी संवर रहा है। आरसीपी सिंह के द्वारा लगातार सरकार पर भ्रष्ट होने का आरोप लगाया जा रहा है, इस पर कटाक्ष करते हुए मनीष वर्मा ने कहा कि आरसीपी सिंह ने नीतीश कुमार के साथ 16 से अधिक वर्षों तक काम किया तब उन्हें कहीं भ्रष्टाचार नहीं दिखा, सारी व्यवस्थाएं तब सुचारू रूप से चल रही थी। पार्टी को दगा देकर जो चला गया, अब उनको यहां भ्रष्टाचार दिखने लगा। जब तक वह यहां नीतीश जी के साथ थे तब तक उन्होंने कभी भी भ्रष्टाचार की बात नहीं की। नीतीश कुमार के ऊपर जो कीचड़ उछालता है, वह कीचड़ नीतीश कुमार के ऊपर ना जाकर स्वयं उसी के ऊपर जा पड़ता है।

# सामाजिक न्याय की अलख जगाने निकली राजद, शुरू हुई विचार परिचर्चा



कटिहार, 05 मई (तरूणमित्र)। बिहार में राष्ट्रीय जनता दल द्वारा राज्यव्यापी सामाजिक न्याय परिचर्चा अभियान के तहत कटिहार जिले के सभी सात विधानसभा क्षेत्रों में 5 से 11 मई तक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मिर्चाईबारी स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित परिचर्चा में राजद के वरीय नेता, जिला कार्यकारिणी, विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्ष एवं प्रखंड अध्यक्ष मौजूद रहे।

राजद नेताओं ने बताया कि राष्ट्रीय जनता दल शुरूआत से ही सामाजिक न्याय, समानता और वंचित तबकों की आवाज को बुलंद करता आया है। यह परिचर्चा सिर्फ पार्टी कार्यकताओं को राजद की विचारधारा से लैस नहीं करेगी, बल्कि संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाएगी।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की और उन्हें संगठित होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। यह अभियान आने वाले चुनावों में भी पार्टी की रणनीति को दिशा देगा। कटिहार में आयोजित यह पहल राजद के सामाजिक न्याय मिशन को नई ऊर्जा देने वाला कदम माना जा रहा है।

इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व सांसद अली अशरफ फातमी, विधायक अंजार नईमी, पंचायती राज के अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद विद्यार्थी, पूर्व विधायक अनिल यादव, युवा राजद के नील कमल के अलावा जिलाध्यक्ष इसरत प्रवीण, पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. राम प्रकाश महतो, मनिहारी के मुख्य पार्षद सह युवा राजद के प्रदेश महासचिव राजेश कुमार उर्फ लाखों यादव,समरेंद्र कुणाल, राजेश कुमार यादव,कुंदन यादव, संतोष यादव, वासुलाल, अनवर आजाद सहित कई राजद नेता मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## व्यवसायी विनय गुप्ता की हत्या के विरोध में बाजार रहे बंद



भागलपुर, 05 मई (तरूणमित्र)। पुलिस जिला नवगछिया के आदर्श थाना नवगछिया के बाजार में बीते रात व्यवसायी विनय गुप्ता के हत्या के विरोध में सोमवार को नवगछिया के बाजार बंद रहे। व्यवसायियों ने हत्या के विरोध में अपने प्रतिष्ठान बंद रखे और हत्यारे की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की है। नवगछिया के हड़िया पट्टी स्थित किराना दुकानदार विनय गुप्ता को अपराधियों ने सरेआम गोली मार दी। उस समय पूरा बाजार धीरे-धीरे सिमट रहा था। विनय गुप्ता अपनी दुकान बंद करने की तैयारी कर रहे थे। तभी एक अज्ञात युवक जिसने अपने चेहरे को रूमाल से ढक रखा था, दुकान में दाखिल हुआ और बेहद करीब से विनय गुप्ता की कनपटी में गोली दाग दी। गोली की आवाज से बाजार में दहशत का माहौल हो गया। पास के दुकानदार दौड़कर आए लेकिन तब तक हत्यारा दुर्गा मंदिर रोड होते हुए इत्मीनान से फरार हो चुका था। विनय गुप्ता एक सज्जन व्यवसायी, समाजसेवी और परिवार के स्तंभ नौ वर्ष पूर्व एक बच्ची वीरा को गोद लिया था।

तीन साल पहले जुड़वा संतान राघव और एक बेटी का जन्म हुआ। उधर पत्नी रानी देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले जमीन खरीद को लेकर बड़ा लेनदेन हुआ था,जिसमें विनय गुप्ता को धमकी भी दी जा रही थी। प्रथम दृष्टया हत्या को भाड़े के शूटर द्वारा अंजाम दिया गया प्रतीत हो रहा है। घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुकी है। पुलिस फुटेज खंगाल रही है। हत्या के विरोध में बाजार पूरी तरह बंद रहा। व्यवसायियों ने सड़कों पर उतरकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। घटना के बाद से राजनीतिक और सामाजिक नेतृत्व भी सक्रिय हो गए हैं।

# नालंदा जिले के राजगीर खेल परिसर में 27तरह की खेलों की शुरूआत



नालंदा, 05 मई (तरूणमित्र)। बिहार के नालंदा जिले के राजगीर खेल परिसर में 27 तरह की खेलों की शुरूआत की गई है, जिसके तहत खेल की शुरूआती दौर के दौरान राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सोमवार को आयोजित कबड्डी प्रतिस्पर्धा में पूल ए अंडर के तहत 18 महिला कबड्डी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के टीम ने 33 अंक एवं राजस्थान के टीम ने 43 अंक प्राप्त किया।

पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के टीम ने 37 एवं आंध्रप्रदेश के टीम ने 43 अंक प्राप्त किए। पूल बी में अंडर 18 पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में बिहार ने 88 एवं गोवा ने 14 अंक प्राप्त किया। वहीं महिला कबड्डी प्रतियोगिता में तमिलनाडु ने 26 अंक एवं उत्तर प्रदेश ने 28 अंक प्राप्त किया।

बताया जाता है कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स भारत सरकार एवं राज्य सरकार की एक प्रमुख योजना है, जिसकी शुरूआत 14 अक्टूबर 2017 को हुई थी। इसका उद्देश्य खेल प्रतिभाओं को पहचानना और उन्हें विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है।

2025 का संस्करण सातवां है और इसमें 27 खेलों को शामिल किया गया है। जो पहली बार यह प्रतियोगिता बिहार के नालंदा जिलान्तर्गत पर्यटक स्थल राजगीर खेल परिसर में आयोजित की गई है।

## पीडीएस दुकानदारों ने अनाज कटौती को लेकर एसीओ को सौंपा आवेदन

नालंदा, 05 मई (तरूणमित्र)। जिले में बिंद प्रखंड के जन वितरण प्रणाली डीलरों ने खाद्यान्न वितरण में भारी अनियमितता का आरोप लगाते हुए सदर एसडीओ काजले वैभव नितीन को संयुक्त रूप से आवेदन सौंपा है। डीलरों का कहना है कि प्रत्येक माह 3 से 4 क्विंटल अनाज की कटौती की जा रही है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

डीलरों ने आवेदन में बताया है कि खाद्यान्न वितरण के लिए मासिक रोस्टर निर्धारित किया जाता है, लेकिन उसका पालन नहीं होता। सभी डीलरों को अस्थावां गोदाम बुलाया जाता है जहां डोर स्टेप डिलीवरी कर्मियों द्वारा दबाव बनाया जाता है कि यदि वे चार-पांच बोरा अनाज छोड़ते हैं तभी उन्हें तुरंत खाद्यान्न मिलेगा अन्यथा देरी की जाएगी। डीलरों का आरोप है कि खाद्यान्न की आपूर्ति बिना तौल के की जाती है और वजन मापने वाली मशीनों का इस्तेमाल नहीं किया जाता। इसके कारण हर महीने लगभग 3 से 4 क्विंटल अनाज कम दिया जाता है। साथ ही, खाद्यान्न उतरवाने का लेबर चार्ज भी डीलरों से वसूला जाता है।

## नवादा के पूर्व एसपी ललन मोहन बने प्रांतीय जदयू सलाहकार समिति के सदस्य



नवादा, 05 मई (तरूणमित्र)। नवादा के पूर्व पुलिस अधीक्षक तथा दरभंगा के आईजी रहे ललन मोहन प्रसाद को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर जनता दलयू के राजनीतिक सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया है। पूर्व आईजी लालनमोहन प्रसाद ने सोमवार को बताया कि जनता दलयू के प्रांतीय अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने पत्र के माध्यम से उन्हें सूचित किया। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जनता दल ने उम्मीदवारों की चयन के लिए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी है।

राजनीतिक सलाहकार समिति पार्टी की उच्च स्तरीय समिति है, जिसके सदस्य आगामी विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों के चयन से लेकर चुनाव प्रचार के तरीकों तथा गतिविधियों के संबंध में राष्ट्रीय अध्यक्ष को सलाह देंगे। नवादा के पूर्व एसपी लालनमोहन प्रसाद ने कहा कि जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उन पर भरोसा जताते हुए राजनीतिक सलाहकार बनाया है।

उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर इस बार भी भारी बहुमत से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही बिहार में सरकार का गठन होगा। जिसके लिए एनडीए ने भारी बहुमत प्राप्त करने की तैयारी शुरू कर दी है। पूर्व आईजी लालनमोहन प्रसाद को जदयू राजनीतिक सलाहकार समिति में शामिल किए जाने पर पार्टी के सदस्यों तथा बुद्धिजीवियों ने भी उन्हें बधाई दी है।

## पानी भरे गड्ढे में डूबने से युवक की मौत

पूर्वी चंपारण,05 मई (तरूणमित्र)। हाजीपुर-सुगौली रेलवे निर्माण के लिए बने गड्ढे में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक युवक पश्चिमी मधुबनी पंचायत के वार्ड एक मुरली गांव के हरि महतो का 22 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार बताया जाता है। परिजन ने बताया कि रविवार की सुबह शौच के लिए घर से गया था लेकिन वापस घर नही पहुंचा,तो खोजबीन किया गया तभी हाजीपुर सुगौली भाया अरेराज रेल लाइन निर्माण हेतु बने गड्ढे में सोमवार को देखा गया, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौत की जानकारी होते मृतक की माँ उमा देवी का रो रो कर हाल बेहाल है। प्रभारी थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि सूचना पर पुलिस ने पहुंच शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौप दिया। पश्चिमी मधुबनी पंचायत के मुखिया बेबी देवी के प्रतिनिधि पुण्यदेव सहनी ने शोक व्यक्त करते हुए सरकार से पीड़ित को मुआवजा राशि देने की मांग की है।

# पौराणिक परंपराएं और सांस्कृतिक सोच से चलती है शासन व्यवस्था : आरिफ मोहम्मद खान



नवादा, 05 मई (तरूणमित्र)। बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा है कि पौराणिक परंपराएं तथा सांस्कृतिक सोच से भारत की शासन व्यवस्था चलती है। हमारे संविधान में भी परंपराओं की अहमियत दी गई। वे सोमवार को नवादा के त्रिवेणी सत्यभामा कॉलेज हिसुआ में राजनीतिक विज्ञान विभाग की ओर से इंडियन पॉलिटी ए क्रिटिकल अप्रेजल विषयक संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में अपना विचार व्यक्त कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि पहले शासन व्यवस्था राजतंत्र के रुप में चलती थी। इस व्यवस्था में एक भाई भी दूसरे भाई की हत्या कर खून की नदियां बहाकर शासन व्यवस्था पर कब्जा करते थे। उन्होंने कहा कि शासन व्यवस्था चलाने के कई प्रकार रहे हैं,जिसमें से सबसे बेहतर प्रकार प्रजातांत्रिक व्यवस्था है, जो भारत में लागू है। उन्होंने कहा कि बिहार की वैशाली प्रजातंत्र की जननी रही है। इसके पूर्व भी ग्रामीण इलाकों में जनता का शासन पंचायती व्यवस्था के रूप में स्थापित रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवेश में समस्याओं का समाधान ग्रामीण खुद बैठकर पंचायत के माध्यम से कर लिया करते थे।

उन्होंने कहा कि आज विश्व में प्रजातंत्र की रक्षा एक बहुत बड़ी चुनौती बन कर रह गई है, जिसकी अगुवाई भारत कर रहा है। मौके पर स्थानीय विधायक नीतू कुमारी ने त्रिवेणी सत्यभामा कॉलेज परिसर में मगध विश्वविद्यालय की शाखा खोलने तथा स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने की मांग की। विधान पार्षद अशोक यादव ने भी राज्यपाल को स्मारपत्र देकर नवादा के सभी कॉलेजों में स्नातकोत्तर की पढ़ाई की मांग की। जिस पर राज्यपाल ने कहा कि मैं यहां कुछ बोलूंगा नहीं लेकिन नीतू जैसे विधायक की मांग कभी अधूरी नहीं जा सकती है। समारोह को संबोधित करते हुए मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि त्रिवेणी सत्यभामा कॉलेज हिसुआ की मांगों पर विचार किया जाएगा। इसे जल्द पूरा करने की कोशिश होगी। इस अवसर पर राजनीतिक विज्ञान विभाग के प्राध्यापक तथा शिक्षक संघ के सचिव प्रोफेसर अंजनी कुमार ने राज्यपाल का स्वागत करते हुए त्रिवेणी सत्यभामा कॉलेज परिसर में मगध विश्वविद्यालय की शाखा खोलने की मांग की ।उन्होंने शिक्षकों की समस्याओं को भी उठाते हुए अपने विचार रखें । राज्यपाल ने भारतीय राजनीति और सरकार के विभिन्न पहलुओं पर कई दृष्टिकोण से चर्चा की।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्रामीण आवास योजना में नालंदा के 2.8 लाख परिवारों का हुआ पंजीकरण

नालंदा, बिहारशरीफ, 05 मई (तरूणमित्र)। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास विहीन परिवारों के पंजीकरण की अंतिम तिथि अब 15 मई तक बढ़ा दी गई है। ग्रामीण विकास विभाग ने उन लोगों को एक और मौका दिया है जो अब तक योजना के लिए अपना नाम दर्ज नहीं करा सके हैं। इस दौरान पात्र लाभार्थी अपना पंजीकरण करा कर योजना का लाभ ले सकते हैं। अब तक जिले में कुल 2 लाख 8 हजार 764 आवास विहीन परिवारों का पंजीकरण किया जा चुका है। इनमें से 1 लाख 85 हजार 915 परिवारों का पंजीकरण आवास सहायकों द्वारा किया गया है जबकि 22 हजार 849 लोगों ने स्वयं विभागीय पोर्टल पर अपनी जानकारी अपलोड की गयी है। पंजीकृत के आंकड़ों के अनुसार, नूरसराय प्रखंड सर्वाधिक 22,817 आवास विहीन परिवारों के साथ पहले स्थान पर है। इसके बाद अस्थावां प्रखंड में 20,774 और इस्लामपुर प्रखंड में 16,161 परिवारों का सर्वे किया गया है। बताया जाता है कि सात साल बाद प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों की नई सूची तैयार की जा रही है। वही पंजीयन के आधार पर एक प्रतीक्षा सूची बनाई जाएगी जिसमें प्राथमिकता के आधार पर चयनित लाभार्थियों को पक्का मकान निर्माण के लिए 1.20 लाख रुपये की राशि प्रदान की जाती है। ग्रामीण विकास विभाग ने अपील की है कि जो परिवार अब तक वंचित रह गए हैं, वे 15 मई से पहले अपना पंजीयन अवश्य करवा लें ताकि उन्हें इस योजना का लाभ मिल सके।

### अपराधियों के हौसले बुलंद, प्रशासन का नहीं रहा खौफ : अरुण यादव

भागलपुर, 5 मई (तरूणमित्र)। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने सोमवार को किराना व्यवसायी विनय गुप्ता की अपराधियों द्वारा गोली मारकर निर्मम हत्या किए जाने की घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि शासन प्रशासन का इकबाल खत्म होने पर ही बेखौफ होकर अपराधी दिन दहाड़े आपराधिक घटनाओं को अंजाम देता है। अपराधियों के मन से शासन प्रशासन का खौफ समाप्त हो चुका है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि नवगछिया पुलिस जिला में ही नहीं बल्कि पूरे राज्यभर में अपराधी तांडव मचा रखा है। चारों तरफ हाहाकार मचा हुआ है, लोग अपराध और आपराधिक घटनाओं से त्राहिमाम हैं। चारों तरफ डर का माहौल कायम है। आपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण पाने में पुलिस प्रशासन पूरी तरह विफल साबित हो रही है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि विनय गुप्ता के हत्यारे को पुलिस प्रशासन अविलंब गिरफ्तार कर स्पीडी ट्रायल के तहत कार्रवाई करे। पुलिस जिला नवगछिया में आपराधिक घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है। पुलिस प्रशासन आपराधिक घटनाओं पर शीघ्र अंकुश लगाए अन्यथा राजद चुप नहीं बैठेगी। पुलिस जिला नवगछिया से जुड़े हर मुद्दों को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को अवगत करा दिया गया है।

### वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ फारबिसगंज में 18 को जनसभा

अररिया, 05 मई (तरूणमित्र)। वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा और बने वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ 18 मई को फारबिसगंज में एक जनसभा होगी,जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सचिव हजरत मौलाना उमरैन महफूज रहमानी साहब और वरिष्ठ पत्रकार जनाब शम्स तबरेज कासमी साहब शिरकत करेंगे। सभा की तैयारियों को लेकर सीमांचल अधिकार मंच की एक बैठक रामपुर दक्षिण स्थित न्यू कैरिडेबल पब्लिक स्कूल में सोमवार को आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता मौलाना फारूक साहब ने की। बैठक में दर्जनों बुद्धिजीवी, समाजसेवी, इमाम, मौलवी और आमलोग उपस्थित रहे। बैठक में वक्ताओं ने वक्फ संशोधन कानून को मुसलमानों की धार्मिक आजादी पर हमला करार दिया।

### विश्व हाथ स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

भागलपुर, 05 मई (तरूणमित्र)। विश्व हाथ स्वच्छता दिवस के अवसर पर सोमवार को डिटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया प्लान इंडिया स्वच्छता शिक्षा कार्यक्रम के तहत जिले के मध्य विद्यालय तरडीहा में कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों ने भी अपने हाथ धोकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश कुमार भारती ने कहा कि विश्व हाथ स्वच्छता दिवस हर साल 5 मई को मनाया जाता है। यह एक वैश्विक कार्यक्रम है जो स्वास्थ्य सेवा सुविधाओं में हाथ स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालता है । जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं में हाथ स्वच्छता मानकों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए दुनिया भर के लोगों को एकजुट करना है। इस अवसर पर शिक्षक राजेंद्र कुमार ने कहा कि बीमारियों के प्रसार को रोकने और नियंत्रित करने के लिए स्वच्छ हाथ आवश्यक है। इस अवसर पर संस्था के जिला लीड शंभू कुमार सिंह ने कहा कि आम लोग अब संक्रमण की रोकथाम में हाथ की सफाई को आधारशिला के रूप में पहचानते हैं। वैश्विक कॉविड-19 महामारी के मद्दे नजर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वैश्विक स्तर पर जल स्वच्छता और स्वास्थ्य अभियानों के अलावा हाथ की सफाई को बढ़ावा देने पर अपना ध्यान केंद्रित किया है।

### सीमित ऊंचाई वाले सबवे के निर्माण के साथ अधोसंरचना का किया गया विकास

भागलपुर, 05 मई (तरूणमित्र)। पूर्व रेलवे के मालदा मंडल द्वारा अधोसंरचना विकास और सुरक्षा उन्नयन की दिशा में लगातार सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मालदा मंडल के इंजीनियरिंग विभाग ने भागलपुर झ्र जमालपुर खंड में दो (02) सीमित ऊंचाई वाले सबवे का सफलतापूर्वक निर्माण कार्य पूरा किया गया। ये सबवे पहले से मौजूद समपार फाटकों के स्थान पर निर्मित किए गए हैं, जिससे सुरक्षा जोखिमों में उल्लेखनीय कमी आएगी और रेल तथा सड़क यातायात के बीच समन्वय और सुगमता सुनिश्चित होगी। पहला सबवे समपार संख्या 2/सी, नाथनगर और अकबरनगर स्टेशनों के बीच, के स्थान पर स्थापित किया गया है। इस संरचना में 10 बॉक्स सेगमेंट शामिल हैं,जिनमें से प्रत्येक का माप 6 मीटर ७ 4.65 मीटर है। दूसरा सबवे समपार संख्या 11, सुल्तानगंज और कल्याणपुर रोड स्टेशनों के मध्य, पर स्थापित किया गया है। जिसमें समान माप वाले सैगमेंट्स प्रयुक्त किए गए। इन महत्त्वपूर्ण कार्यों के निष्पादन अप एवं डाउन दोनों लाइनों पर 7 घंटे का यातायात अवरोध अनुमोदित किया गया था, जिसे समयबद्ध रूप से सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। इन प्रमुख सबवे कार्यों के साथ-साथ, इंजीनियरिंग विभाग द्वारा उक्त अवरोध अवधि का उपयोग अन्य आवश्यक ट्रैक रखरखाव एवं अधोसंरचना कार्यों के लिए भी कुशलतापूर्वक किया गया। कल्याणपुर रोड से रतनपुर स्टेशनों के बीच अप लाइन पर बैलेस्ट रेगुलेटर मशीन द्वारा 6400 ट्रैक मीटर कार्य किया गया। अभयपुर डाउन लूप लाइन में दो सेट स्विच एक्सपेंशन जॉइंट डाले गए और 10 स्विच एक्सपेंशन जॉइंट स्लीपरों का नवीनीकरण किया गया।

# ट्रेन में नशा सुंघाकर गायब लड़की रेड लाइट एरिया से बरामद



अररिया, 05 मई (तरूणमित्र)। हरियाणा में रह रही बिहार की एक लड़की को ट्रेन में नशा सुंघाकर गायब कर दिया गया था। जिसे फारबिसगंज थाना पुलिस ने रेड लाइट एरिया से सकुशल बरामद किया। लड़की को जबरन अवैध देह व्यापार में ढकेला जा रहा था और उसे शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना दी जा रही थी। लेकिन देह व्यापार के चंगुल में जाने से पहले ही पुलिस ने लड़की को बरामद कर लिया।

संगठित मानव व्यापार के गिरोह के द्वारा इसे अंजाम दिया गया था। जिसका खुलासा अररिया की फारबिसगंज थाना पुलिस ने की और थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह के बयान के आधार पर बारह नामजद सहित अन्य अज्ञात के गिरोह के सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया गया।

गिरोह के सदस्यों द्वारा लड़की को किशनगंज, सहरसा, सुपौल सहित कई जिलों में जगह जगह बदलकर रखा गया था। इसी क्रम में संगठित अवैध देह व्यापार के गिरोह के सदस्यों ने लड़की को फारबिसगंज रेड लाइट एरिया में लाकर छिपाया। जिसकी जानकारी अररिया एसपी को मिली। जिसके बाद एसपी अंजनी कुमार के निर्देश पर फारबिसगंज थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक कुमारी बबीता, आदित्य किरण, राजनंदिनी सिन्हा, प्रीति कुमारी, अमित राज, आकाश कुमार के साथ सशस्त्र बल के जवानों को शामिल किया गया।

छापेमारी दल ने रविवार शाम त्वरित कार्रवाई करते हुए फारबिसगंज रेफरल रोड रामपुर उत्तर पंचायत के वार्ड संख्या तीन से हरियाणा से गायब लड़की को बरामद किया। पुलिस ने लड़की की बरामदगी के बाद उसका मेडिकल टेस्ट और कोर्ट में बयान करवाया। मामले को लेकर फारबिसगंज थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह ने गिरोह के सदस्यों को चिन्हित करते हुए अपने बयान पर फारबिसगंज थाना में कांड संख्या 218/25 धारा 111,98,99,70(1),115(2),109,124(1),3(5) बीएनएस एवं आईटीपीए एक्ट 3,4,5,6 के तहत दर्ज करवाया है। जिसमें उन्होंने फारबिसगंज के दस और किशनगंज जिला के दो लोगों सहित अन्य को अवैध देह व्यापार धंधा के लिए संगठित गिरोह चलाने का जिक्र किया है। थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह के बयान के आधार पर दर्ज प्राथमिकी में फारबिसगंज रेफरल रोड, रामपुर उत्तर, वार्ड संख्या तीन के मो. फुचका पिता मो. आबरू, जमीला खातून पति मो. जब्बार, मो. इस्लाम पिता ताजूउद्दीन, मेहनाज खातून पति किशन खलिफा, मो. आरजू पिता किशन खलिफा, बेगम बानू पति युनुस, मो कालू पिता ताजूउद्दीन, मो. सलाम उर्फ फुदवा पिता ताजूउद्दीन,मो. अब्बास पिता नामालूम, मो. जब्बार पिता धोतर खलिफा और किशनगंज नगर थाना क्षेत्र के खगड़ा के मो. बासो उर्फ वाहिद खलिफा पिता नामालूम और अंजू पति नामालूम सहित अन्य अज्ञात महिला पुरुष को आरोपित किया गया है। आरोपितों के द्वारा अवैध देह व्यापार के लिए संगठित गिरोह संचालित करने की बात कही गई है।

फारबिसगंज थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अवैध देह व्यापार को लेकर बड़ा गिरोह संचालित है। जिसके तार कई जिलों और राज्यों से जुड़ा है। गिरोह के सदस्यों के द्वारा लड़कियों का अपहरण,बहला फुसलाकर, नशीली पदार्थ का सेवन करवाकर शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना दिया जाता है। इतना ही नहीं गिरोह के सदस्य लड़कियों के द्वारा देह व्यापार के धंधे से मना करने पर जान मारने का प्रयास से लेकर शरीर एवं चेहरा पर केमिकल फेंककर जबरन अवैध देह व्यापार का धंधा करने को मजबूर किया जाता है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
मंगलवार, 6 मई 2025
विक्रम संवत्- 2082, बैसाख शुक्ल पक्ष- नवमी

## नई-नई स्ट्राइक

उरी और पुलवामा हमलों के बाद भारत ने पाकिस्तान के आतंकी कैम्पों पर एयर और सर्जिकल स्ट्राइक के जरिये दुनिया को दिखाया था कि भारत अब वास्तव में बदल गया है और अपने ऊपर हुए किसी भी हमले का मुंहतोड़ जवाब देना जानता है। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से पहलगाम में कश्मीर घूमने गए निर्दोष पर्यटकों पर हुए हमले के बाद केंद्र सरकार का रुख अब देशवासियों को ताज्जुब में डाल रहा है। भारत ने इस बार सीधे पाकिस्तानी क्षेत्रों में हमला करने के बजाय पाकिस्तान के खिलाफ जो स्ट्राइक्स की रणनीति बनाई है, वह आम देशवासी की समझ से बाहर है। पहलगाम हमले के बाद जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुबई और वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन यूएसए से दौरे अधूरे छोड़कर वापस लौटे थे, उससे यह प्रतीत हुआ था कि भारत इस बार पाकिस्तान को पहले से भी अधिक शक्ति से मुंहतोड़ जवाब देगा। किन्तु भारत सरकार ने आश्चर्यजनक रूप से सिंधु नदी जल समझौते रद्द करने जैसे कुछ और कदम उठाए हैं। हाल में भारत ने चिनाब नदी से पाकिस्तान को मिलने वाले पानी को भी रोक दिया। इस जल स्ट्राइक के अतिरिक्त भारत ने पाकिस्तान से आयात पर प्रतिबंध लगाकर आर्थिक स्ट्राइक की है। निश्चित रूप से सरकार के इन कदमों का पाकिस्तान पर कोई फौरी असर नहीं पड़ने वाला। उलटे पाकिस्तान भारत को अपने परमाणु बम का जखीरा दिखाकर धमका रहा है। दोनों देश अपनी मिसाइलों और टैंकों का शक्ति प्रदर्शन कर रहे है। निश्चित रूप से सैनिक शक्ति के मामले में भारत के आगे पाकिस्तान की कोई बिसात नहीं है  लेकिन पाकिस्तान का भारत को उल्टा आँखें दिखाना संकेत करता है कि उसके पीछे भी विश्व समुदाय के कुछ देशों का समर्थन हो सकता है। वैसे भी चीन, बांग्लादेश जैसे भारत के पड़ोसी देश तो उसके साथ खुलकर खड़े ही हैं। बहरहाल, भारत ने फिलहाल पाकिस्तान पर आर्थिक स्ट्राइक की है और हर तरह के आयात-निर्यात पर पाबंदी लगा दी गई है। किसी और देश के जरिए भी पाकिस्तान का सामान नहीं आ सकेगा। हालांकि 2024-25 में पाकिस्तान से मात्र 4 करोड़ रुपए का आयात किया गया, जबकि भारत का निर्यात 3764 करोड़ रुपए का था। इस प्रकार इस आर्थिक स्ट्राइक में भी नुकसान भारत का ही होगा। पाकिस्तान में पंजीकृत या उसके झंडे वाले जहाज और नौकाएं भारतीय बंदरगाहों पर नहीं आ सकेंगी। उनके प्रवेश पर भी पाबंदी लगा दी गई है। सभी तरह की डाक सेवाएं भी बंद कर दी गई हैं। कहा जा रहा है कि यह पाकिस्तान की चौतरफा घेरेबंदी है। भारत अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक, आसियान विकास बैंक में भी शिकायत दर्ज कर रहा है कि पाकिस्तान को दिए जा रहे कर्जों की गहन समीक्षा की जाए, क्योंकि गुरबत और गरीबी के नाम पर जारी किए जा रहे कर्जों का पैसा आतंकवाद पर खर्च किया जा रहा है। हो सकता है कि भारत की जल और आर्थिक स्ट्राइक पाकिस्तान को और अधिक विपन्न कर दे,जरूरी वस्तुओं का अकाल पड़ जाए, खेतों और गलों को भी प्यासा रहना पड़ सकता है। भारत के ये कदम कूटनीतिक और पाकिस्तान को लम्बे समय तक नुकसान पहुँचाने वाले हो सकते हैं लेकिन देश पाकिस्तान पोषित आतंक पर एक जोरदार सीधे स्ट्राइक का इंतजार बेसब्री से कर ही रहा है।

### ठीक नहीं खिलवाड़ !

इस तरह सम्मान से ।
ठीक नहीं खिलवाड़ ।।
कर रहे मजाक ।
और रहे दहाड़ ।।
सेना और विमान पर ।
साधना निशाना ।।
इनका ये षणयंत्र ।
हुआ अब पुराना ।।
करनी का फल भुगत रहे ।
रहे गर्त में डूब ।।
शर्म नहीं आलोचना से ।
हो रही जो खूब ।।
उपर से आदेश है ।
ऐसे करते जाना ।।
हर पल प्रश्न चिन्ह ।
रहे याद लगाना ।।


कृष्णेन्द्र राय

### सूडोकु नवताल- 7422

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 7 | | | |
| | | 8 | 2 | | | | 7 | 5 |
| | 4 | | | 3 | | | | 6 |
| | 7 | 1 | | | 2 | | 5 | |
| 8 | | | | 4 | | | | 3 |
| | 2 | | 8 | | | 9 | 6 | |
| 2 | | | | 8 | | | 3 | |
| 4 | 3 | | | | 9 | 8 | | |
| | | | 3 | | | | | 9 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

#### सूडोकु नवताल - 7421 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 |
| 1 | 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 5 |
| 8 | 6 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 9 | 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 2 | 7 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 |

## छात्रों की आत्महत्याएं चिन्ताजनक


ललित गर्ग

**टॉपर संस्कृति के दबाव एवं अव्वल आने की होड़ में छात्रों के द्वारा तनाव, अवसाद, कुंठा में आत्महत्या कर लेना एक गंभीर समस्या है। यह दुर्भाग्यपूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण है कि हमारी छात्र प्रतिभाएं आसमानी उम्मीदों, टॉपर संस्कृति के दबाव व शिक्षा तंत्र की विसंगतियों के चलते आत्मघात की शिकार हो रही हैं।**

हाल ही में लगातार हो रही छात्रों की दुखद मौतें जहां शिक्षा प्रणाली अतिश्योक्तिपूर्ण प्रतिस्पर्धा पर प्रश्न खड़े करती है, वहीं विचलित भी करती हैं। इनमें राजस्थान स्थित कोटा के नीट के परीक्षार्थी और मोहाली स्थित निजी विश्वविद्यालय में फोरेंसिक साइंस का एक छात्र शामिल था। पश्चिम बंगाल के आई आई टी खड़गपुर में सिविल इंजीनियरिंग विभाग के तीसरे वर्ष के छात्र मोहम्मद आसिफ कमर का शव उनके हॉस्टल रूम में फंदे से लटका मिला। भुवनेश्वर के कीट में कम समय में दूसरी नेपाली छात्रा की मौत से विश्वविद्यालय की छवि और भारत के विदेशी छात्रों को आकर्षित करने के प्रयासों पर सवाल उठ रहे हैं। नीट के पेपर के तनाव में नूपुर ने नीट पेपर के एक दिन पहले फांसी लगाकर जान देना एवं मौत को गले लगाना हमारी घातक प्रणालीगत विफलता एवं टॉपर संस्कृति की आत्महंता सोच को ही उजागर करती है। निश्चित रूप से छात्र-छात्राओं के लिये घातक साबित हो रही टॉपर्स संस्कृति में बदलाव लाने के लिए नीतिगत फैसलों की सख्त जरूरत है। राजस्थान सरकार की ओर से प्रस्तावित कोचिंग संस्थान (नियंत्रण और विनियमन) विधेयक इस दिशा में बदलावकारी साबित हो सकता है। लेकिन केन्द्र सरकार को भी ऐसे ही कदम उठाने होंगे ताकि छात्रों में आत्महत्या की समस्या के दिन-पर-दिन विकराल होते जाने पर अंकुश लग सके। यह शिक्षाशास्त्रियों, समाज एवं शासन व्यवस्था से जुड़े हर एक व्यक्ति के लिए चिंता का विषय होना चाहिए।

कोचिंग संस्थानों की बढ़ती बाढ़ एवं गलाकाट प्रतिस्पर्धा में छात्र किस हद तक जानलेवा घातकता का शिकार हो रहे हैं। यह दुखद ही है कि सुनहरे सपने पूरा करने का ख्वाब लेकर कोटा गए चौदह छात्रों ने इस साल आत्महत्याएं की हैं। विडंबना यह है कि बार-बार चेतावनी देने के बावजूद कोचिंग संस्थानों के संरचनात्मक दबाव, उच्च दांव वाली परीक्षाओं, गलाकाट स्पर्धा, दोषपूर्ण कोचिंग प्रथाएं और सफलता की गारंटी के दावों का सिलसिला थमा नहीं है। यही वजह है कि हाल ही में केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण यानी सीसीपीए ने कई कोचिंग संस्थानों को भ्रामक विज्ञापनों और अनुचित व्यापारिक प्रथाओं के चलते नोटिस दिए हैं। दरअसल, कई कोचिंग संस्थान जमीनी हकीकत के विपरीत शीर्ष रैंक दिलाने और चयन की गारंटी देने के थोथे एवं लुभावने वायदे करते रहते हैं।

निःसंदेह, इस तरह के खोखले दावे अक्सर कमजोर छात्रों और चिंतित अभिभावकों के लिये एक घातक चक्रव्यूह बन जाते हैं। छात्रों को अनावश्यक प्रतिस्पर्धा के लिये बाध्य करना और योग्यता को अंकों के जरिये रैंकिंग से जोड़ना कालांतर में अन्य छात्रों को निराशा के भंवर में फंसा देता है। वास्तव में सरकार को ऐसा पारिस्थितिकीय तंत्र विकसित करना चाहिए, जो विभिन्न क्षेत्रों में रुचि रखने वाले युवाओं के लिये पर्याप्त संख्या में रोजगार के अवसर पैदा कर सके।

वास्तव में हमें युवाओं को मानसिक रूप से सबल बनाने की सख्त जरूरत है, तभी भारत सशक्त होगा, विकसित होगा। पारिवारिक दबाव, शैक्षिक तनाव और पढ़ाई में अव्वल आने की महत्वाकांक्षा ने छात्रों के एक बड़े वर्ग को गहरे मानसिक अवसाद में डाल दिया है।

युवाओं को भी सोचना होगा कि जिंदगी दोबारा नहीं मिलती। इसे यूं ही तनाव में आकर ना गंवाएं, बल्कि जिंदगी में आने वाली कठिनाइयों का डटकर मुकाबला करें। पढ़ाई में असफल रहने के कारण कुछ बच्चों पर मानसिक दबाव बढ़ रहा है। हर परिवार की अपने बच्चों से ज्यादा अपेक्षाएं होती हैं। अधिकतर युवा जिंदगी में आने वाली समस्याओं को बर्दाश्त नहीं कर पाते और वे अपनी बात किसी से साझा तक नहीं करते। प्रतिभागियों को बताया जाना चाहिए कि कोई भी परीक्षा जीवन से बड़ी नहीं होती। छात्रों की आत्महत्या की घटनाएं तथाकथित समाज एवं राष्ट्र विकास एवं शिक्षा की विडम्बनापूर्ण एवं त्रासद तस्वीर को बयां करती है। आत्महत्या शब्द जीवन से पलायन का डरावना सत्य है जो दिल को दहलाता है, डराता है, खौफ पैदा करता है, दर्द देता है। प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों, उच्च शिक्षा संस्थानों एवं कोचिंग संस्थानों में आत्महत्या की बढ़ती घटनाएं हमारी चिन्ता का सबब बनना चाहिए।


वैसे छात्रों की आत्महत्या कोई नई बात नहीं है, ऐसी खबरें हर कुछ समय बाद आती रहती हैं। रिकॉर्ड बताते हैं कि पिछले एक दशक में कोचिंग संस्थानों में ही नहीं, आईआईटी जैसे संस्थानों में ही 52 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। यह संख्या इतनी छोटी भी नहीं कि ऐसे मामलों को अपवाद मानकर नजरअंदाज कर दिया जाए। बेशक ऐसे हर मामले में अवसाद का कारण कुछ अलग रहा होगा, वे अलग-अलग तरह के दबाव होंगे, जिनके कारण ये छात्र-छात्राएं आत्महत्या के लिए बाध्य हुए होंगे। ऐसे संस्थानों में जहां भविष्य की बड़ी-बड़ी उम्मीदें उपजनी चाहिए, वहां अगर दबाव और अवसाद अपने लिए जगह बना रहे हैं और छात्र-छात्राओं को आत्महंता बनने को विवश कर रहे हैं तो यह एक काफी गंभीर मामला है। शैक्षणिक दबावों के चलते छात्रों में आत्महंता होने की घातक प्रवृत्ति का तेजी से बढ़ना हमारे नीति-निमार्ताओं के लिये चिन्ता का कारण बनना चाहिए। क्या विकास के लम्बे-चौडे.दावे करने वाली भारत सरकार ने इसके बारे में कभी सोचा? क्या विकास में बाधक इस समस्या को दूर करने के लिये सक्रिय प्रयास शुरू किए?

विचित्र है कि जो देश दुनिया भर में अपनी संतुलित जीवनशैली एवं अहिंसा के लिये जाना जाता है, वहां के शिक्षा-संस्थानों में हिंसा का भाव पनपना एवं छात्रों के आत्महंता होते जाने की प्रवृत्ति का बढ़ना अनेक प्रश्नों को खड़ा कर रहा है। ऐसे ही अनेक प्रश्नों एवं खौफनाक दुर्घटनाओं के आंकड़ों ने शासन-व्यवस्था के साथ-साथ समाज-निमार्ताओं को चेताया है और गंभीरतापूर्वक इस विडम्बनापूर्ण एवं चिन्ताजनक समस्या पर विचार करने के लिये जागरूक किया है, लेकिन क्या कुछ सार्थक पहल होगी? बहुत जरूरी है कि कोचिंग संस्थान अपनी कार्यशैली एवं परिवेश में आमूल-चूल परिवर्तन करें ताकि छात्रों पर बढ़ते दबावों को खत्म किया जा सके। फिलहाल जरूरी यह भी है कि इन संस्थानों में एक ऐसे तंत्र को विकसित किया जाए, जो निराश, हताश और अवसादग्रस्त छात्रों के लगातार संपर्क में रहकर उनमें आशा का संचार कर सके, उन्हें सकारात्मकता के संस्कार दे सके। इसके लिए स्थाई तौर पर कुछ मनोवैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों की सेवाएं भी ली जा सकती हैं।

छात्रों के सिर पर परीक्षा का तनाव एवं अव्वल आने की दोड़ प्रतिस्पर्धा के दौर में और भी बढ़ गयी है। आज रोजगार के अवसर लगभग समाप्त हैं। ग्रेजुएशन कर चुकने वाला छात्र केवल किसी दफ्तर में ही अपने लिये सम्भावनायें तलाशता है। लेकिन नौकरी नहीं मिलती। बेरोजगारी अवसाद की ओर ले जाती है और अवसाद आत्महत्या में त्राण पाता है। लेकिन कोचिंग संस्थानों एवं शिक्षा के उच्च संस्थान में अवसाद पसरा है और उसके कारण छात्र यदि आत्महत्या करते हैं, तो यह इस उच्च शैक्षणिक संस्थानों एवं कोचिंग संस्थानों के भाल पर बदनुमा दाग है। यह माना जाता है कि देश की सबसे प्रखर प्रतिभाएं इन्हीं कोचिंग संस्थानों में पहुंचती हैं, जहां लगातार हो रही आत्महत्या की खबरें यह तो बताती ही हैं कि कोचिंग संस्थानों में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा, साथ ही वे बहुत से बच्चों और उनके अभिभावकों के सपने को तो तोड़ते ही हैं लेकिन उनकी उम्मीद की सांसों को ही छीन लेते हैं। बहुत जरूरी है कि कोचिंग संस्थान अपनी कार्यशैली एवं परिवेश में आमूल-चूल परिवर्तन करें ताकि छात्रों पर बढ़ते दबावों को खत्म किया जा सके, इन दबावों के कारण ही कुछ छात्र आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर हो जाते हैं। जब छात्रों में अव्वल आने की मनोवृत्ति, कैरियर एवं बी नम्बर वन की दौड़ सिर पर सवार होती हैं और उसे पूरा करने के लिये साधन, क्षमता, योग्यता एवं परिस्थितियां नहीं जुटा पाते हैं तब कुंठित, तनाव एवं अवसादग्रस्त व्यक्ति को अन्तिम समाधान आत्महत्या में ही दिखता है। इनदिनों शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा एवं अभिभावकों की अतिशयोक्तिपूर्ण महत्वाकांक्षाओं के कारण आत्महत्या की घटनाएं अधिक देखने को मिल रही है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## अस्थमा से राहत और रोकथाम के उपाय


बाल मुकुन्द ओझा

विश्व अस्थमा दिवस इस साल मंगलवारए 6 मई को मनाया जायेगा। यह दिवस अस्थमा के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए मई में पहले मंगलवार को मनाया जाने वाला एक वैश्विक स्वास्थ्य कार्यक्रम है। विश्व अस्थमा दिवस की 2025 की थीम  अस्थमा अधिक ध्यानए जागरूकता और करुणा का हकदार है रखी गई है । है। द लैंसेट के अनुसार, दुनिया भर में अस्थमा से होने वाली मौतों में से 42 प्रतिशत भारत में होती हैं, जबकि दुनिया के सिर्फ. 13 प्रतिशत अस्थमा रोगी यहीं रहते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, अस्थमा से दुनिया भर में लगभग 262 मिलियन लोग पीड़ित हैं और हर साल 455,000 से ज्यादा लोगों की मृत्यु इस रोग से होती है। अकेले भारत में लगभग 34 मिलियन लोग अस्थमा से पीड़ित हैं, और दुख की बात है कि बहुत से लोगों को तब तक इसका पता भी नहीं चलता जब तक कि यह गंभीर न हो जाए। अस्थमा एक खतरनाक बीमारी है। यह एक ऐसी बीमारी है कि अगर किसी व्यक्ति को हो जाए तो यह जिंदगी भर रहती है। यह लाइलाज बीमारी है परंतु कुछ दवाओं और एहतियात के जरिए हम इस पर काबू पा सकते हैं लेकिन इससे पूरी तरह छुटकारा पाना थोड़ा मुश्किल है।

यदि हम अपनी जीवनशैली को सही कर लें तो हम बीमारियों से बच सकते हैं। हर रोज सुबह उठने की आदत डालें, पोषण से भरपूर आहार लें, जल्दी सोने की कोशिश करें, उसके साथ-साथ अच्छी नींद लें और  प्रतिदिन व्यायाम भी करें। इसके अलावा यदि हम खुद को धूल, मिट्टी और सर्दी व गर्मी से बचाकर रखेंगे तो हम खतरनाक बीमारियों से बचे रह सकते हैं। दुनिया में तकरीबन 34 करोड़ से ज्यादा लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं और हर साल तकरीबन ढाई लाख मौत इस बीमारी के कारण होती हैं।

अस्थमा फेफड़ों की एक पुरानी बीमारी है, जिसके कारण सांस लेने में समस्या होती है। भारत में 10 में से एक व्यक्ति अस्थमा से प्रभावित है। इसमें बचाव ही कारगर उपचार है। अस्थमा के लक्षणों में सांस लेने में परेशानी, खांसी, छाती में जकड़न और बार-बार ऐसे होना शामिल हैं। अस्थमा एक ऐसी बीमारी है जो वायुमार्ग को प्रभावित करती है। अगर इसे समय रहते नियंत्रित न किया जाए तो इससे सांस लेने में गंभीर समस्या भी हो सकती है।

हालांकि अस्थमा को ठीक नहीं किया जा सकता, लेकिन बचाव, दवाइयों और इलाज से मरीज सामान्य जिंदगी जी सकता है। डॉक्टरों द्वारा ऐसे लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई, क्योंकि अस्थमा रेस्पिरेटरी सिस्टम से जुड़ी हुई बीमारी है जबकि कोरोना वायरस का संक्रमण भी रेस्पिरेटरी सिस्टम को नुकसान पहुंचाता है। इसलिए ऐसे लोगों की कोशिश यही होनी चाहिए कि वह घर से बिल्कुल भी बाहर ना निकलें और अगर जरूरत पड़ने पर बाहर निकल भी रहे हैं तो, संक्रमण से बचे रहने के लिए पूरे दिशा-निदेशों का गंभीरतापूर्वक पालन करें। कोरोना ने एक साल के भीतर कई तरह की दुश्वारियां दी है, लेकिन अस्थमा के मरीजों को राहत भी इस दौरान मिली है। इसकी बड़ी वजह यह की लोगों ने मास्क लगाया। लॉकडाउन के चलते प्रदूषण भी कम रहा। इस वजह से अस्थमा के मरीजों की  तकलीफ नहीं बढ़ी। स्वास रोग विशेषज्ञों का कहना है कि अस्थमा के नए मरीज पिछले एक साल में करीब 50 फीसद कम हुए हैं।

पहले से ऐसी खबरें आ रही थी कि अस्थमा के मरीजों के लिए कोरोना ज्यादा खतरनाक हैए इस कारण अस्थमा के मरीजों ने विशेष सतर्कता बरती। इस वजह से कोरोना से बचे रहे। नए मरीज भी 40 से 50 फीसद तक पिछले एक साल में कम हो गए हैं।

पहले यह कहा जा रहा था कि कोरोना का असर अस्थमा के मरीजों पर बहुत ज्यादा होगाए क्योंकि अस्थमा फेफड़े की बीमारी है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जो मरीज संक्रमित भी हुए वह आसानी से ठीक हो गए। कोरोना काल में नए मरीज करीब 50 फीसद कम आए। अस्थमा के पुराने मरीजों की भी ठंड के दिनों में तकलीफ बढ़ जाती है, लेकिन ऐसे मामले भी इस बार अन्य सालों के मुकाबले करीब 10 फीसद ही मिले है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## कैमरा, 'भूख' और सोशल मीडिया


प्रियंका सौरभ

सोशल मीडिया के युग में भलाई और करुणा अब मौन संवेदनाएं नहीं रहीं। वे कैमरे के फ्रेम में कैद होती जा रही हैं। आज अधिकांश मदद 'लाइक्स' और 'फॉलोवर्स' के लिए की जाती है, न कि सच्ची इंसानियत के लिए। सहायता अब एक 'कंटेंट' बन चुकी है और जरूरतमंद की गरिमा अकसर इस प्रदर्शन की भेंट चढ़ जाती है। इसलिए यूजर्स को अब आत्मपरीक्षण जरूर करना चाहिए कि क्या हम वाकई मदद कर रहे हैं या बस सोशल मीडिया पर नेकी की तस्वीर गढ़ रहे हैं?

आज का युग 'डिजिटल करुणा' का युग बन चुका है, जहां इंसानियत, परोपकार, और सहानुभूति जैसे मूल्य अब मौन संवेदनाओं की बजाय कैमरे की फ्लैश में दर्ज होते हैं। पहले जहां 'नेकी कर दरिया में डाल' की परंपरा जीवित थी, अब वह बदलकर 'नेकी कर, सोशल मीडिया पर डाल' हो चुकी है। भलाई की भावना मनुष्य की सबसे पवित्र प्रवृत्तियों में से एक है।

यह वह स्वाभाविक मानवीय गुण है जो हमें संवेदना, दया, और परस्पर सहयोग की ओर प्रेरित करता है। किन्तु आज के समय में यह गुण मंच पर आ चुका है-एक ऐसा मंच जहाँ तालियां हैं, टिप्पणियां हैं, और सबसे जरूरी, एक कैमरा है जो हर क्षण को 'दृश्य' बनाता है। एक समय था जब कोई वृद्ध भूखा दिखता, तो राह चलते लोग बिना कुछ कहे, बिना देखे, उसे कुछ खाने को दे जाते थे। आज वही दृश्य होता है, लेकिन कैमरा पहले निकाला जाता है। भूखे की थाली से ज्यादा अहमियत उस एंगल की होती है, जिसमें वह थाली दिखाई दे। सेवा अब सीधी नहीं रही, वह एक स्क्रिप्टेड ऐक्ट में बदल गई है। आधुनिक मानव की आत्मा अब लाइक्स, शेयर, कमेंट्स की भूखी हो चली है। किसी की मदद करने के बाद हमें तसल्ली तब मिलती है, जब कोई कहे, 'वाह, आप तो बड़े नेकदिल हैं।' पहले मदद करने के बाद मन को जो संतोष मिलता था, अब वह 'फॉलोवर्स बढ़ने' के संतोष से बदला जा चुका है।

यह न केवल इंसानियत की आत्मा को खरोंचता है, बल्कि मदद पाने वाले की गरिमा को भी आहत करता है। वह व्यक्ति जिसे मदद मिली है, उसकी जरूरतें तो पूरी होती हैं, लेकिन उसकी निजता, उसकी आत्मसम्मान की परतें एक-एक कर सोशल मीडिया के सामने उतार दी जाती हैं। सोचिए, अगर कोई कैमरा न हो, कोई दर्शक न हो, कोई ताली बजाने वाला न हो-क्या तब भी आप वही मदद करेंगे? यह प्रश्न हमारे भीतर झांकने की जरूरत को इंगित करता है। करुणा यदि सच्ची है, तो वह गुमनाम रहेगी। यदि उसमें प्रदर्शन है, तो वह करुणा नहीं-डिजिटल ब्रांडिंग है।

आज कई बार लगता है कि सहायता करना एक स्क्रिप्टेड इवेंट बन चुका है। वीडियो में सबसे पहले मदद मिलने वाले व्यक्ति की दयनीय स्थिति को दिखाया जाता है, फिर सहायता प्रदान की जाती है, और अंत में किसी नायक की तरह मददकर्ता का चेहरा। यह सब इतनी सफाई से किया जाता है कि वीडियो फिल्म जैसी लगती है-संगीत के साथ, टाइटल के साथ, और अंत में एक गूढ़-सा संदेश।

इस सारी प्रवृत्ति में सबसे अधिक पीड़ित होती है नैतिकता। किसी की जरूरत को दिखावा बना देना उस व्यक्ति के अस्तित्व पर हमला है। एक भूखे की भूख अगर कैमरे में रिकॉर्ड न हो तो क्या उसका दुख कम है? क्या दया केवल तभी योग्य है जब वह पब्लिक डोमेन में हो? यह नई नैतिकता सिर्फ दूसरों के सामने दिखने के लिए जीती है। अब 'कृपा' भी एक मुद्रा बन गई है-जिसे दिखाना पड़ता है, गिनाना पड़ता है। स्वार्थरहित सेवा का स्थान स्वार्थयुक्त प्रदर्शन ने ले लिया है। कल्पना कीजिए एक दृश्य-एक व्यक्ति सड़क किनारे बेहोश पड़ा है। एक 'सोशल वॉरियर' आता है, और उसके साथ उसका कैमरामैन। सबसे पहले कुछ तस्वीरें, फिर एक वीडियो- 'हमने इनको उठाया, पानी पिलाया, एंबुलेंस बुलाई' और फिर कैप्शन-हम सब मिलकर बदलाव ला सकते हैं...। कमेंट्स आते हैं—वाह भाई साहब, आप तो फरिश्ता हैं। किसी को यह नहीं सूझता कि क्या वह व्यक्ति कैमरे में आना चाहता था? क्या उसे अपने जीवन की सबसे कमजोर अवस्था में पब्लिकली दिखाया जाना चाहिए था? आज नेकी भी एक पूंजी बन गई है। इसका बाजार भाव बन गया है। जो जितनी ज्यादा भलाई करता है (या कहें, दिखाता है), उसका सामाजिक रेटिंग उतना ही ऊंची हो जाती है। कई बार यह भलाई राजनीतिक होती है, कभी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत होती है, और कभी व्यक्तिगत ब्रांड निर्माण के लिए।

(ये लेखिका के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

### जातिगत जनगणना...यह महज आंकड़ों की लड़ाई नहीं

**प्रेम शंकर सिंह**

जातिगत जनगणना पर जो बहस चल रही है...वो महज आंकड़ों की लड़ाई नहीं है। ये असल में भारत के सामाजिक ढांचे को समझने और फिर उसे नए सिरे से गढ़ने की एक बड़ी कोशिश है। अब जो लोग इसका समर्थन करते हैं-उनका ये मानना है कि इससे पिछड़े और अति-पिछड़े वर्गों की सच्चाई सामने आएगी। उनकी शिक्षा कैसी है, उनकी आर्थिक स्थिति क्या है, उनका राजनीतिक प्रतिनिधित्व कितना है-ये सब कुछ पहली बार साफ-साफ दिखेगा। और जब तस्वीर साफ होती है, तभी नीति भी ठोस बनती है। सरकार के पास आधार होगा-ताकि जो वंचित हैं, उन्हें समय पर, जरूरत के मुताबिक मदद दी जा सके। नरेंद्र मोदी की सरकार। और यहां से भाजपा की सोच में असली, ठोस और दूरगामी बदलाव शुरू हुआ। मोदी खुद ओबीसी पृष्ठभूमि से आते हैं। उन्होंने बहुत जल्दी पहचान लिया कि हिंदू समाज का जो सबसे बड़ा हिस्सा है वो आज भी राजनीतिक प्रतिनिधित्व में पीछे है। इसके बाद जो-जो कदम उठे, वो सिर्फ नीतियां नहीं थीं, वो एक लंबी सामाजिक रणनीति का हिस्सा थीं। 2019 में आर्थिक रूप से पिछड़ी अगड़ी जातियों को 10 प्रतिशत आरक्षण देना, उसी संतुलन की कोशिश थी। अब भाजपा के पास दो आधार थे-एक तरफ ओबीसी को सम्मान और दूसरी तरफ अगड़ों को सुरक्षा। अब जब जातिगत जनगणना की बात आई, तो मोदी ने इसे सिर्फ एक सामाजिक मुद्दा नहीं माना। उन्होंने इसे राष्ट्र-निर्माण के औजार की तरह देखा। तो अब जो हो रहा है... वह केवल एक जनगणना नहीं है। यह असल में हिंदू समाज के पुनर्गठन की योजना है। एक दूरदर्शी, ठोस, और सधी हुई रणनीति है। प्रधानमंत्री मोदी का यह फैसला आरक्षण की राजनीति को भी एक नया आधार देगा। अब बहसें भावनाओं पर नहीं, तथ्यों पर होंगी। नीतियां अब जातीय जनसंख्या के अनुपात पर टिकी होंगी। और यही वह जगह है...जहां नरेन्द्र मोदी आज वीपी सिंह से एक कदम आगे जाते हैं। वीपी सिंह ने सामाजिक न्याय की राजनीति शुरू की थी। मोदी उसे अब संस्थागत रूप दे रहे हैं-डेटा से, नीति से, और राष्ट्रवाद की भावना में रहते हुए।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

### आज का राशिफल

**मेष** : कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी।

**वृष** : विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा।

**मिथुन** : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें।

**कर्क** : अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं।

**सिंह** : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**कन्या** : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**तुला** : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे।

**वृश्चिक** : शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**धनु** : कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है।

**मकर** : यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**कुंभ** : शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

**मीन** : मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा।

पं0 सुभाष पाण्डेय: हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# जन सुराज पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न



**पत्रकार नगर, खगड़िया, 05 मई (तरूणमित्र)।** जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर के आह्वान पर बिहार के सभी प्रखंडों में प्रखंड कार्यकर्ता सम्मेलन किया जाना था। इसी कड़ी में बीते रविवार को सदर प्रखंड के डाढ़ी भदास गांव के भगवती स्थान मैदान में प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन जन सुराज के संस्थापक सदस्य और शिक्षक नेता मनीष कुमार सिंह की अगुवाई में संपन्न हुई । इस सम्मेलन में लगभग 1500 युवा, बुजुर्ग और महिलाएं उपस्थित हुए । मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के जिला प्रभारी संजय सिंह, जिला अध्यक्ष विनय कुमार वरुण, अभियान समिति के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह निषाद, जिला परिषद सदस्य प्रियदर्शना सिंह आदि उपस्थित हुए । कार्यक्रम में सबों ने जय विहार - जय जय बिहार का नारा बुलंद किया । कार्यक्रम का उद्घाटन सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया । अपने संबोधन में शिक्षक नेता मनीष कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने बच्चों की शिक्षा के लिए वोट करें नहीं तो जिस प्रकार हमारी पीढ़ी 5 किलो अनाज के लिए लाइन में खड़ी रहती है उसी प्रकार हमारी अगली पीढ़ी भी दाने-दाने को मोहताज रहेगी । हमें ऐसी सरकार को लाना चाहिए जो अच्छी विश्व स्तरीय शिक्षा और हर हाथ में रोजगार की बात करें ।

जन सुराज के उपस्थित नेताओं ने कहा कि सरकार ने जातीय जनगणना करवाते वक्त सरकार के द्वारा घोषणा किया गया था कि जातिय जनगणना के उपरांत 94 लाख बेरोजगारों को दो-दो लाख रुपये रोजगार करने के लिए दिया जाएगा और 50 लाख भूमिहीन परिवार को तीन-तीन डिसमिल जमीन दिया जाएगा । पर आज तक चार लाख परिवार को भी सही तरीके से तीन तीन डिसमिल भूमि घर बनाने के लिए नहीं दिया गया । आगामी चुनाव में लोगों को यह सोचकर वोट करना चाहिए कि कौन सी सरकार बेरोजगारों और छात्रों के पलायन को रोकेगा ? कौन वृद्धाओं की सुरक्षा करेगा ? कौन सभी भूमिहीन परिवारों को घर बनाने के लिए तीन-तीन डिसमिल जमीन देगा ? कौन सी सरकार महिलाओं को रोजगार शुरू करने के लिए कम दरों पर ऋण मुहैया करवाएगी ? इस पर विस्तार से चर्चा किया गया कार्यक्रम को स्थानीय कार्यकताओं ने भी संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन श्रवण ठाकुर ने किया । कार्यक्रम के दौरान ही भदास के मंटू कुमार को खगड़िया प्रखंड के युवा अध्यक्ष और प्रशांत कुमार को मानसी प्रखंड का प्रखंड अध्यक्ष बनाने की घोषणा की गई । मौके पर रंजीत कुंवर, राजेश सिंह, आलोक कुमार, पंकज कुमार, अमर किशोर कुमार, मुखिया प्रतिनिधि संजीव कुमार, लालन कुमार, मंटू कुमार, ओणम, पन्नालाल, सर्वोत्तम कुमार, अभिजीत, गुलशन कुमार, संजीत कुमार, प्रकाश कुमार, विपिन राय आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया ।

# मौसम ने बदला तेवर ,शादी विवाह के रंग पड़ रहे फिके

**विक्रमगंज (रोहतास), 05 मई (तरूणमित्र)।** लग्न के मुहूर्त में एक और जहां सभी लोग शादी की तैयारी में जुटे हैं और तिलक बारात का कार्यक्रम लगातार चल रहा है। लेकिन इसी बीच मौसम ने अपना रंग बदलना शुरू कर दिया है।

विगत दो-तीन दिनों से तेज हवा और बरसात की बूंदे इस लग्न मुहूर्त के अवसर को फीकी करते नजर आ रही है। हवा का रूप आंधी की तरह और छिटफुट बूंदाबांदी में बरतिया एवं तिलकोत्सव में शामिल लोगों के उत्सवी माहौल को फीका कर रह है। वहीं इसके आयोजन करने वाले लोगों को चिंता की लकीरें नजर आ रही है। शहरों में यदि लॉज की व्यवस्था जिन्होंने कर ली, तो कुछ राहत जरूर है। लेकिन आमतौर पर गांव देहात में तिलक और बारात के रस्म को खुले मैदान में ही निभाया जाता है जहां मौसम के बदले हुए रंग के कारण काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ता है।

फिर चाहे तिलक और बारात का रस्म हो या नाश्ते से लेकर भोजन करने तक की व्यवस्था, सब में व्यवधान नजर आता है। सोमवार को ऐसा ही कुछ नजारा देखने को मिला, जबकि इस दिन शादी विवाह के मुहूर्त काफी अच्छे थे। जिनके घर शादी विवाह के आयोजन किए गए थे वह इस बात से चिंतित नजर आए कि मौसम के बिगड़े हुए मिजाज उनके खुशियों में खलल डालता नजर आ रहा है।

# प्रखंड मुख्यालय में बीस सूत्री की पहली बैठक संपन्न



**नासरीगंज रोहतास , 05 मई (तरूणमित्र)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरजीएफ भवन में कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की पहली बैठक समिति के अध्यक्ष डॉ॰ अमरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में व समिति के सचिव बीडीओ नौशाद आलम सिद्दीकी की उपस्थिति में सोमवार को हुई। बैठक में सर्वप्रथम अध्यक्ष, उपाध्यक्ष समेत सभी नव पदस्थापित सदस्यों से परिचय प्राप्त करने के बाद सभी विभागों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष ने कहा कि कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति सभी को साथ लेकर सबका सबका विकास के फॉमूर्ला पर सहयोगात्मक रवैया अपनाते हुए कार्य का निष्ठापूर्ण निर्वाहन करेगी। उपाध्यक्ष सन्तोष कुमार आर्या ने कहा कि समिति के सभी सम्मानित सदस्य अपना अपना दायित्व को समझते हुये कर्तब्य का निर्वाहन करेंगें। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी अपने-अपने कार्यस्थल पर ससमय उपस्थित रहें। ताकि प्रखण्ड कार्यालय आने वाले लोगों का कार्य त्वरित रुप से हो सके।

साथ ही बिहार सरकार और मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ सभी को नियामानुसार मिल सके। बीडीओ ने बताया कि बैठक के सभी मुख्य बिंदुओं को सूचीबद्ध किया गया है और इसके अनुपालन के लिए कार्रवाई जारी रहेगी।

मौके पर समिति के सदस्य उपेंद्र चंद्रवंशी, विनोद चौधरी, मीनू सिंह, अकील अहमद, निर्मला देवी, कनकधीर उपाध्याय, लाल बाबू प्रसाद, देवमुनी पासवान, अंजनी सिंह, अजय सौंडिक, रामजी चौधरी, अमित वर्मा, बीसीओ राजा राम, मनीष कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी शिवानी गुप्ता, बीएओ विमलेश मिश्रा, पशु चिकित्सा पदाधिकारी देवेंद्र कुमार रंजन, एमओ नैंसी कुमारी इत्यादि उपस्थित थे।

# दावथ के लाल डॉक्टर अंबुज गिरि ने जिले का नाम किया रौशन

## प्रतिभा किसी की नहीं होती मोहताज, सफलता उन्हें ढूंढ लेती है

**दावथ (रोहतास), 05 मई (तरूणमित्र)।** गांव में अपने घर के छोटे से कमरे से शुरू हुए सफर जो आज दिल्ली और मुंबई तक में सफलता का परचम लहराने वाला दावथ का लाल जो मेडिकल के क्षेत्र में नित नए सफलता का प्रतिमान स्थापित कर रहा है। आपको बताते चल कि दावथ प्रखंड के दावथ के रहने वाले डॉक्टर अंबुज गिरि जो साधारण से परिवार में जन्मे पत्रकार अनिल कुमार गिरि के छोटे भाई हैं, जिन्होंने बहुत ही कम समय में सर्वप्रथम राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित मेडिकल की परीक्षा इन्होंने वेस्ट बंगाल जोन से निकाली और एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की। अपनी तैयारी को अनवरत जारी रखते हुए इन्होंने एम डी की परीक्षा भी फेस की और एम डी की पढ़ाई पूरी कर वेराणसी से अपना चिकित्सकीय सफर भी शुरू कर दिया।

इस दौरान इन्होंने क्षेत्र के लोगों को वाराणसी में समय-समय पर सहूलियत एवं चिकित्सकीय परामर्श देने का भी अवसर प्राप्त किया।पुनः इन्होंने वाराणसी से ही सीसीएफ की डिग्री भी हासिल कर ली। अब इन्होंने डी एम स्तर की मुकाम हासिल करते हुए 104 वां रैंक प्राप्त किया है जिसकी काउंसलिंग के लिए मुंबई ,दिल्ली और कोलकाता संभावित विकल्प इन्हें मिला है।स्वभाव के सरल व्यक्तित्व वाले डॉक्टर अंबुज गिरि ने बताया कि जब भी जरूरत पड़ेगी क्षेत्र के लोगों के लिए मैं आऊंगा और निशुल्क शुल्क सेवा दूंगा। उनके इस सफलता के बाद क्षेत्र में खुशी की लहर है। लोगों ने उनके इस सफलता पर केवल प्रखंड ही नहीं बल्कि जिले का नाम रौशन करने पर शुभकामना दिया। पत्रकार दुर्गेश किशोर तिवारी, रजनीकांत पांडे, वीरेंद्र तिवारी, पीके मिश्रा ,राजू पाठक, चारों धाम मिश्रा सहित अन्य वरिष्ठ पत्रकारों ने शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं लोगों ने की।

# अग्निकांड में झुलसे युवक की इलाज के दौरान मौत

**मेहसी, 05 मई (तरूणमित्र)।** ओझिलपुर गांव निवासी जयकिशुन राम का परिवार पिछले महीने हुए एक दर्दनाक अग्निकांड से अब तक उबर भी नहीं पाया था कि आज एक और सदमा उसे झेलना पड़ा। बीते 9 अप्रैल को घर में आग लगने की घटना में गंभीर रूप से झुलसे जयकिशुन राम के पुत्र सुनील राम (उम्र 35वर्ष) की मौत सोमवार को मुजफ्फरपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई।

गौरतलब है कि यह दुर्घटना 9 अप्रैल 2025 को शाम के समय उस वक्त हुई थी जब घर में खाना पकाया जा रहा था। स्थानीय लोगों के अनुसार सिलेंडर में आग लग गई देखते ही देखते पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि घर में मौजूद सुनील राम की मां, धनवंती देवी (उम्र लगभग 65 वर्ष) की मौके पर ही जलकर मौत हो गई थी। वहीं, सुनील राम आग बुझाने और अपनी माँ को बचाने की कोशिश में बुरी तरह झुलस गया था।

घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे गंभीर हालत में मुजफ्फरपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहाँ बीते कई दिनों से उसका इलाज चल रहा था। चिकित्सकों ने शुरू से ही उसकी स्थिति को गंभीर बताया था। तमाम प्रयासों के बावजूद सोमवार को उसने दम तोड़ दिया। परिजनों पर टूटा दुःख का पहाड़ सुनील की मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। गाँव में शोक की लहर दौड़ गई है।

# फिजिओथेरेपी को मिली ऐतिहासिक पहचान : डॉ. खुशबू




**मोतिहारी पु.च., 05 मई (तरूणमित्र)।** देश भर के फिजिओथेरेपिस्ट समुदाय के लिए आज ऐतिहासिक दिन है ` फिजिओथेरेपिस्ट अब सरकारी मान्यता के साथ अपने नाम के आगे डॉक्टर लगाना अनिवार्य है।

स्वाश्थ्य एवं कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन फिजिओथेरेपिस्ट पाठ्क्रम पुस्तिका में इस अधिकार को दर्ज किया गया है ` अब बिना योग्यता के फिजिओथेरेपिस्ट डिग्री धारकों को ही मिलेगा मान्यता` बुकलेट में यह श्पष्ट किया गया है कि फिजिओथेरेपिस्ट और डॉक्टर की उपाधि केवल उन्ही लोगों को मिलेगी जिन्होंने किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से फिजिओथेरेपिस्ट में डिग्री प्राप्त की है` मोतिहारी फिजिओथेरेपिस्ट एसोसिएशन ने इस फैसले को स्वागत करते हुए कहा उनकी वर्षों की मेहनत और संघर्ष का सामान है` हम प्रधानमंत्री एवं एन.सी.ए.एच.पी. के अध्यक्ष डॉ. यज्ञ शुक्ला के आभारी है जिनके नेतृत्व में यह बदलाव संभव हो सका है` इस मौके पर डॉ. प्रेम कुमार, डॉ. खुशबू सिंह, डॉ. आनंद राजन, डॉ. उमेश चंद्रा, माधवी रंजन, अंकेश मिश्रा, अमीर निहाल इत्यादि मौजूद थे।

उक्त आशय की जानकारी प्रसिद्ध फिजिओथेरेपिस्ट डॉ. प्रेम कुमार ने दी।

## संक्षिप्त समाचार

### आज से लगेगे कैम्प- कृषि विद्युत कनेक्शन

**नासरीगंज रोहतास, 05 मई (तरूणमित्र)।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना मुख्यमंत्री कृषि विद्युत कनेक्शन योजना फेज-02 के तहत मंगलवार से पंचायतों में कैम्प लगाकर लंबित आवेदनों व नये आवेदन प्राप्त कर त्वरित गति से कार्य का निष्पादन किया जाएगा। यह प्रक्रिया आगामी छह मई से अगले दो माह तक चलेगी। इस संबंध में विद्युत आपूर्ति प्रमंडल डेहरी के विद्युत कार्यपालक अभियंता ने जिले के सभी संबंधित कार्यालय को? पत्र जारी किया है। कार्यालय सूत्रों के अनुसार नासरीगंज प्रखंड के अमियावर पंचायत में छह व सात मई, अतिमी पंचायत में आठ व नौ मई, डेहरी पंचायत में तेरह व चौदह मई, धनावं में पंद्रह व सोलह मई, इटिम्हां में उन्नीस व बीस मई, कैथी में इक्कीस व बाईस मई, खिरियावं में दो व तीन जून, मंगरावं में चार व पांच जून, परसियां में नौ व दस जून, पडुरी में ग्यारह व बारह जून, पवनी में सोलह व सत्रह जून और पोखराहां पंचायत में अठारह व उन्नीस जून को विधिवत कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इसी के साथ अधिकारियों ने अपील की है कि लाभार्थी कैम्प में उपस्थित होकर अपने कार्यों के निष्पादन हेतु तैनात अधिकारी व कर्मी से संपर्क करें।

### ऑटो लूट में शामिल एक लुटेरे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नोखा (रोहतास), 05 मई (तरूणमित्र)।** नोखा थाना क्षेत्र के मनीपुर और जखिनी गांव के बीच चौसा नहर पर रास्ते में ऑटो लूट की घटना में शामिल एक लुटेरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसकी पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने बताया कि ऑटो लूट की घटना में शामिल एक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार लुटेरा जगन्नाथ टोला के धनराज कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। लुट की घटना 26 मार्च को हुई थी।इसमें 3 अप्रैल को पुलिस ने ऑटो को औरंगाबाद से बरामद किया गया था। इसमें लुट की घटना में कोचस वार्ड नंबर 5 में रहने वाले लाहेरी गांव निवासी चैंपियन कुमार ने दर्ज प्राथमिकी में 27 मार्च को की थी।

### शादी की दो दिन पहले जला आशियाना



**हरसिद्धि, 05 मई (तरूणमित्र)।** शिव प्रसाद तिवारी।बैरियाडीह पंचायत के वार्ड संख्या 12 धवही में रविवार की मध्य रात्रि भीषण आग लग गई। आग से रीता देवी पति हकीम पटेल और सोनम देवी पति बृजकिशोर पटेल का घर पूरी तरह जल गई, दोनों परिवारों को भारी नुकसान हुआ,अग्नि पीड़ितों ने अंचलाधिकारी को दिए आवेदन में बताया कि रात करीब 12 बजे अचानक आग लग गई। घर में बेटी की शादी के लिए रखा गया ट्रंक, कपड़े, साड़ी, गहना, गेहूं के बोरे, अनाज और अन्य सामान जलकर राख हो गया। आग इतनी तेज थी कि आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और डायल 112 पर सूचना दी गई। सूचना प्राप्त होने पर हरसिद्धि थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर उचित कार्रवाई किया। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। तब तक घर का सारा सामान जल चुका था। पंचायत के मुखिया पति ललन सहनी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने हल्का कर्मचारी भेजने को लेकर अंचलाधिकारी को जानकारी दिया ।प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की।अंचलाधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुई है ।कर्मचारी को भेजकर जांच करवाई गई है। पीड़ितों को उचित मुआवजा देने की प्रक्रिया की जाएगी।

# विशेष धावा दल के ने विभिन्न प्रतिष्ठानों में सघन जाँच अभियान चलाया




**मोतिहारी, 05 मई (तरूणमित्र)।** सोमवार को श्रम संसाधन विभाग बिहार के निर्देश के आलोक में एवं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, मोतिहारी सदर के नेतृत्व में मोतिहारी सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विशेष धावा दल के द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों में सघन जाँच अभियान चलाया गया जाँच के क्रम में मोतिहारी सदर प्रखंड के कुल-01 प्रतिष्ठान न्यू मोटरसाइकिल रिपेयरिंग से 01 बाल श्रमिक को धावा दल की टीम के द्वारा विमुक्त कराया गया। साथ ही श्रम अधीक्षक रमाकांत द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि यह अभियान पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत लगातार क्रियाशील रहेगा ! बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत सभी नियोजकों के विरूद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है जबकि सभी विमुक्त बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के समक्ष उपस्थापित कर उन्हें बाल गृह में रखा गया है। श्रम अधीक्षक रमाकांत द्वारा बताया कि बच्चों से प्रतिष्ठान में कार्य कराना बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन के अंतर्गत गैर कानूनी है।

बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के अतर्गत बाल श्रमिकों से कार्य कराने वाले व्यक्तियों को 20 हजार रुपए से 50 हजार रुपए तक का जुमार्ना और 2 वर्षों तक का कारावास का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त सर्वोच्च न्यायालय के निदेश के आलोक में सभी नियोजकों से 20,000/- (बीस हजार रू.) प्रति बाल श्रमिक की दर से राशि की वसूली की जाएगी।आज की इस विशेष धावा दल की टीम में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, मोतिहारी सदर , श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, घोड़ासाहन, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, फेनहरा, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, बनकटवा, AHTU, मोतिहारी, प्रयास संस्था, न्याय नेटवर्क के प्रतिनिधि एवं पुलिस लाइन से 04 पुलिस कर्मी एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम शामिल थी।

# कलवार इंडिया एसोसिएशन के बिहार प्रदेश प्रभारी डॉ राजेश का हुआ भव्य स्वागत

**पत्रकार नगर,खगड़िया, 05 मई (तरूणमित्र)।** कलवार इंडिया एसोसिएशन के बिहार प्रदेश प्रभारी डॉ राजेश रौशन का कलवार समाज ने खगड़िया आगमन पर किया भव्य स्वागत । उनके सम्मान में कलवार सभा की एक विशेष बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता राम बहादुर प्रसाद ने की।

कलवार सेवक समाज के चेयरमैन डॉ अरविन्द वर्मा ने कहा आहूत बैठक में कलवार समाज के लोगों पर असामाजिक तत्वों द्वारा हो रहे प्रहार, लूट और हत्या की जितनी भी भर्त्सना की जाय, कम ही होगा। सोनामुखी, मधेपुरा में कलवार समाज के बमबम भगत के हत्यारे की तुरंत गिरफ्तारी की मांग बैठक में की गई। डॉ राजेश रौशन ने कहा कलवार इंडिया एसोसिएशन की बिहार के सभी जिले में ज़िला शाखा का गठन और पदाधिकारियों का चयन किया जाना है।

इसी सिलसिले में बिहार भ्रमण कार्यक्रम हो रहा है। आगामी 07 जून को पटना में कलवार समाज की एक विशाल सभा होगी, जिसमें नए सदस्यों को सम्मानित भी किया जायेगा।

बैठक में सर्व सम्मति से सरकार से मांग किया गया कि सरकार, कलवार जाति को अत्यंत पिछड़ा वर्ग में शामिल करे । आहूत बैठक में उपस्थित लोगों में प्रमुख थे कलवार सभा के सचिव सदाशिव जायसवाल, कृष्ण कुमार, नवल किशोर वर्मा, बबलू जायसवाल, दीपक कुमार (शहरबन्नी), कुमार गौरव, सुमित कुमार तथा धर्मवीर जायसवाल आदि।

# भाजपा जदयू गठबंधन को उखाड़ फेंकेगा महागठबंधन - पूर्व मंत्री जीतेंद्र




**गोपालगंज, 05 मई (तरूणमित्र)।** राजद महागठबंधन के साथ मिल कर इस बार बिहार की गद्दी से भाजपा-जदयू को उखाड़ फेकेंगा. राजद के एक एक कार्यकर्ता लड़ेंगे और जीतेंगे को अपना मूल मंत्र मान मैदान में उतरेंगे. उक्त बातें पूर्व मंत्री एवं विधायक जितेन्द्र कुमार राय ने सोमवार को दिघवा दुबौली में आयोजित सामाजिक न्याय परिचर्चा को संबोधित करते हुए कहीं. श्री यादव ने कहा कि आज पूरे बिहार में अपराध, भ्रष्टाचार, लूटखसोट, चोरी, छिनतई, बालात्कार चरम पर है . भ्रष्टाचार का आलम इतना बढ़ गया है कि थाना, प्रखण्ड, अंचल कार्यालय में बिना सरकारी बाबू को चढ़ावा चढ़ाए एक भी कार्य नहीं होता. दाखिल खारिज ,जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र,आवास योजना से लेकर संस्थागत भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है. थाना में पीड़ित व्यक्ति का आवेदन नहीं लिया जाता है. बैकुंठपुर के विधायक प्रेमशंकर यादव ने कहा कि वर्तमान नीतीश सरकार से बिहार की जनता पूरी तरह ऊब गई है. आज पूरे बिहार में अपराधियों की समानांतर सरकार चल रही है. अपराधियों के आगे पूरी बिहार सरकार नतमस्तक हो गई है. उन्होंने कार्यकताओं को गांव-गांव जा कर बिहार सरकार की जनविरोधी नीतियों से लोगों को अवगत कराने का आह्वान करते हुए कहा कि इस बार जनता को जागरूक कर हर स्थिति में सरकार को उखाड़ फेंकना है।

राजद के जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने तेजस्वी यादव के 17 माह के कार्यकाल के जिक्र करते हुए कहा कि अपने छोटे से कार्यकाल में हमारे नेता ने जो ऐतिहासिक कार्य किया उसकी चर्चा पूरे विश्व मे हुई. उन्होंने कहा कि राजद का वीजन है कि हमारी सरकार बनने के बाद बिहार के सभी बहनों को माई बहिन मान योजना के तहत प्रत्येक माह ढाई हजार रुपये दिए जाएं . साथ ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि चार सौ से बढ़ा कर पंद्रह सौ किये जायें. प्रत्येक परिवार को 200 यूनिट बिजली फ्री उपलब्ध कराई जाएगी. कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव संजय ठाकुर ने संगठन, शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कुमर राय ने चुनाव अभियान के मुख्य बिंदु, महिला राजद की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती अनिता भारती ने चुनावी प्रबंधन तथा युवा राजद नेता अमरेन्द्र कुमार ने सोशल मीडिया तथा अन्य डिजिटल माध्यम से दल के प्रचार प्रसार पर विस्तार से अपनी बातें रखीं.कार्यक्रम में राजद के प्रधान महासचिव इम्तेयाज अली भुट्टो, पार्टी उपाध्यक्ष पिंटू पांडेय, मोती पंडित, प्रभु राम, बिनोद मांझी आदि ने भी अपनी बातें रखी.

कार्यक्रम की अध्यक्षता बैकुंठपुर के प्रखंड अध्यक्ष मो. जोहेब अली ने किया तथा मंच का संचालन नागेंद्र ठाकुर ने की।


## NOTICE

I Jyotish Tigga S/o Sohan Tigga R/o Bagha, Singpur, Post-Bagha, PS-Lohardaga, Jharkhand - 835302, have changed my name to Jeffron Tigga

## NOTICE

I Emina Bibi W/o Mohammad Shmsher Alam R/o Auraiya, Kaimur (Bhabua), Bihar-821108, have changed my name to Yasmin Khatoon

# जीएनएस में चिकित्सा शिक्षा का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

**सासाराम, 05 मई (तरूणमित्र)**। चिकित्सा शिक्षा प्रशिक्षण के लिए नोडल सेंटर प्रमुख स्वामी मेडिकल कॉलेज,करमसाढ़, गुजरात के प्रधान संयोजक एवं भारतीय चिकित्सा परिषद विशेषज्ञ समिति के राष्ट्रीय समन्वयक डॉक्टर प्रवीण आर सिंह ने कहा है कि चिकित्सा शिक्षा ईकाई नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल आज देश का पहला संस्थान बन गया है जहां चिकित्सा शिक्षा का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित हो रहा है।

डॉक्टर सिंह आज गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के देव मंगल सभागार में सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में नित्य हो रहे बदलाव और नवीनतम शोध की जानकारी से अद्यतन रहकर ही एक शिक्षक अपने छात्रों को नवीनतम ढंग से शिक्षित कर सकते हैं। उन्होंने नारायण मेडिकल कॉलेज की मेडिकल शिक्षा ईकाई की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां के अधिकांश शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं और विभिन्न स्थानों पर जाकर प्रशिक्षण देने का काम कर रहे हैं जो कि हर्ष का विषय है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से शिक्षक प्रशिक्षण को नई दिशा मिलती है जो कि




किसी भी संस्थान के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। कार्यक्रम को कुलपति डॉ महेंद्र कुमार सिंह ,प्राचार्य डॉ हीरालाल महतो ,संस्थान के सचिव गोविंद नारायण सिंह एवं प्रबंध निदेशक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने भी संबोधित किया ।

इस अवसर पर सभी आगत अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम के संयोजक प्राचार्य डॉक्टर हीरालाल महतो एवं समन्वयक चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर पुनीत कुमार सिंह ने किया।आगत अतिथियों का स्वागत मंच पर उपस्थित डॉक्टर मणिकांत कुमार, डॉ निपेंद्र आनंद, डॉ राहुल चंद्रा आदि ने पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह देकर किया।

कार्यक्रम के आरंभ में दीप प्रज्ज्वलित कर इसकी शुरूआत की गई ।इस अवसर पर नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सभी विभागाध्यक्ष,स्नातकोत्तर छात्र एवं इंटर्न छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।उल्लेखनीय है कि उद्घाटन सत्र के बाद विभिन्न स्थानों पर आयोजित होने वाले संगोष्ठी कार्यक्रम में किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ के डॉ बिमल वेंकटेश, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी के डॉक्टर आनंद मिश्रा, मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज की डॉक्टर सुनीता त्रिपाठी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज ,बिहटा के डॉक्टर मुकेश कुमार ,किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी ,लखनऊ के डॉक्टर राकेश दीक्षित ,इंदिरा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज पटना के डॉक्टर सुधीर कुमार, पी जी आई इंदौर के डॉ प्रवीण कुमार अरोड़ा समेत अन्य वक्ता अपने-अपने विषय पर शिक्षकों को प्रशिक्षित कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि भारतीय चिकित्सा परिषद,नई दिल्ली के दिशा निर्देश के आलोक में शिक्षकों को प्रशिक्षित करने हेतु अति महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के अंतर्गत यह आयोजन किया जा रहा है।

## देसी शराब के धंधेबाजों का सेफ जोन बन रहा सोन नदी का तट

**बिक्रमगंज (रोहतास), 05 मई (तरूणमित्र)**। रोहतास पुलिस कप्तान रौशन कुमार के द्वारा जारी निर्देश के आलोक में शराब धंधेबाजों के खिलाफ चलाए जा रहे लगातार छापेमारी अभियान के बावजूद सोन नदी तट के किनारे शराब धंधेबाजों का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस के द्वारा लगातार इस मामले में छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। हर बार भारी मात्रा में सोन नदी तट के पास से अवैध महुआ पास एवं देसी शराब बरामद किया जाता रहा है। सोमवार को कच्छवां थाने की पुलिस द्वारा पुनः सोन नदी के आसपास छापेमारी अभियान चलाया गया जिसमें 1000 लीटर महुआ पास को पुलिस ने जप्त किया । इसकी जानकारी देते हुए कच्छवां थाना अध्यक्ष मितेश कुमार ने बतलाया कि जव्त महुआ पास को पुलिस के द्वारा विनष्ट कर दिया या गया।

## सड़क किनारे खड़ी कार में अनियंत्रित ट्रक ने मारी टक्कर, एक महिला की मौत, पांच घायल

**सासाराम, 05 मई (तरूणमित्र)**। रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर सोमवार की सुबह एक शादी समारोह से लौट रही महिला की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस घटना में पांच अन्य लोग भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिनका फिलहाल इलाज चल रहा है। मृतक महिला चिल्हरुआं गांव निवासी नथुनी उर्फ राकेश सिंह की 45 वर्षीय पत्नी गुड्डी देवी बताई जाती है तथा घायलों में परिवार के सदस्य विजय सिंह सहित पांच लोग शामिल हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार शादी समारोह से लौट रही एक कार राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर सड़क किनारे खड़ी थी तभी पीछे से आ रही एक अनियंत्रित ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें दबकर एक महिला गुड्डी देवी की मौत हो गई तथा अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद वाहन चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया और टक्कर की आवाज सुनकर घटनास्थल पर जुटे स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को कार से बाहर निकाल कर इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।इधर घटना की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा दिनारा थाने की पुलिस को भी दी गई और मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया। फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले में अग्रतर कार्रवाई करते हुए वाहन एवं वाहन चालक की पहचान करने में जुटी हुई है।

## अंतर्राष्ट्रीय मिडवाइफरी दिवस आयोजित

**सासाराम, 05 मई (तरूणमित्र)**। गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण नर्सिंग कॉलेज के प्रसूति एवं स्त्री रोग नर्सिंग विभाग ने 5 मई, 2025 को 'हर संकट में महत्वपूर्ण दाइयां' थीम पर अंतर्राष्ट्रीय दाइयां दिवस मनाया। कार्यक्रम का संचालन नारायण नर्सिंग कॉलेज की डीन सह प्रिंसिपल डॉ. के लता और नारायण नर्सिंग कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल डॉ. श्वेता शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. महेरा एरम, सीनियर कंसल्टेंट प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, सदर अस्पताल, सासाराम ,बिहार और विशिष्ट अतिथि बिंदु कुमारी, मैट्रन, सदर अस्पताल, सासाराम बिहार रहीं। कार्यक्रम का आयोजन प्रसूति एवं स्त्री रोग नर्सिंग विभाग की टीम द्वारा किया गया जिसमें सुश्री रुचि त्रिपाठी, सहायक प्रोफेसर, सुश्री ज्योति कुमारी नर्सिंग ट्यूटर, सुश्री अंजू सिंह, सुश्री आरफी यामीन, सुश्री शुभांगी राज, सुश्री प्रियंका रानी और सुश्री अनु कुमारी, बीएससी नर्सिंग छठे सेमेस्टर की छात्राएं और जीएनएम द्वितीय वर्ष की छात्राएं शामिल थीं। कार्यक्रम के समापन में पुरस्कार विजेता को पुरस्कार दिए गए जहां मुख्य अतिथि द्वारा दाइयों के महत्व और हर जीवन और मिनट में उनकी महत्वपूर्ण उपस्थिति पर जोर दिया गया।

# छोटे भाई के तिलक की तैयारी के बीच उठी बड़े भाई की अर्थी घर में मचा कोहराम

**तिलौथू (रोहतास), 05 मई (तरूणमित्र)**। तिलौथू थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदनपुरा ओपी थाना क्षेत्र के चोरकप गांव के एक घर में एक तरफ छोटे भाई के तिलक की तैयारी चल रही थी तो वहीं दूसरी ओर बीते रात्रि अपराधियों ने बड़े भाई की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक युवक की पहचान चोरकप गांव निवासी व चौकीदार अवधेश पासवान का बड़ा पुत्र 30 वर्षीय अभिनंदन पासवान के रूप में की गई है।

घटना की सूचना मिलते ही सोमवार कि अगले सुबह रोहतास एसपी रौशन कुमार ने मौके पर पहुंच जांच शुरू कर दी है। और मृतक के शव को अपने कब्जे में ले अंत परीक्षण कर उसके स्वजनों को सौंप दिया है । जहां एक तरफ घर में खुशी का माहौल अभिनंदन की हत्या से अचानक गम में बदल गया। घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि तिलौथू थाना का चौकीदार एवं चोरकप गांव निवासी अवधेश पासवान के छोटे पुत्र अभिनव कुमार का सोमवार को आने वाले तिलक समारोह की तैयारी चल रहा था। की



रविवार की रात अपने गोतिया की एक बहन का तिलक चढ़ा कर मध्य रात्रि को अपने घर चोरकप लौटा ही था। जहां सजावट करने आए मजदूरो एवं अपने घर के कुछ सदस्यों के साथ घर के बाहर ही सो गया था ।की इसी बीच एक बाइक सवार दो अपराधियों ने अभिनंदन को कनपटी में दो गोली दाग दी। जिससे अभिनंदन की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना की खबर एवं गोली की आवाज से गांव में हड़कंप मच गया। घटना के बाद मृतक को आनन-फानन में घर वालों द्वारा स्थानीय सीएचसी लाया गया।

जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर सुन मौके पर दलबल के साथ पहुंचे रोहतास एक रौशन कुमार ने इसकी जांच पड़ताल की और उन्होंने कहा कि इस घटना में संलिप्त किसी भी अपराधी बक्से नहीं जाएंगे । इसका पदार्फाश बहुत जल्द किया जाएगा। हालांकि इस घटना के कारण का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। प्रारंभिक जांच में पुलिस का अनुमान है कि मृतक के दो शादी हुई थी। पहले शादी 7 वर्ष पूर्व और दूसरा शादी 3 वर्ष पूर्व हुई थी। अमृता पहली पत्नी को घर में रखता था और दूसरी पत्नी को तिलौथू स्थित किराए के एक मकान में रखता था ।अभिनंदन अपनी दूसरी पत्नी को शनिवार की शाम छोटे भाई के तिलक समारोह के अवसर पर घर पहुंचा ही था कि रविवार की देर रात यह घटना घट गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## छत्रपति शिवाजी समाज कल्याण ट्रस्ट की बैठक



**गोपालगंज, 05 मई (तरूणमित्र)**। बीते रविवार की शाम छत्रपति शिवाजी समाज कल्याण ट्रस्ट की बैठक शिवाजी चौक के पास आयोजित की गई. बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई और उसके निराकरण के लिए सबका मंतव्य लिया गया . अन्य कई मुद्दों अगर कोई गरीब और लाचार महिला और पुरुष मिलते हैं तो उनके आंखों का ऑपरेशन संस्था मुफ्त रूप से करायेगी , प्रत्येक वर्ष बीस गरीब बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा संस्था उठायेगी एवं उन्हें तब तक शिक्षित किया जाएगा जब तक वह अपने पैरों पर खड़ा हो सके, गरीबों के लिए जहां तक हो सके कपड़ा की व्यवस्था की जाएगी . जो भी गरीब बच्चे हैं पढ़ना चाहते हैं उनका नामांकन कराया जाएगा चाहे वह इंग्लिश मीडियम हो या हिंदी मीडियम, प्रत्येक दूसरे रविवार को परिसर में कोई ना कोई चिकित्सक आएगा और गरीबों का इलाज करेगा और उसे मुफ्त दवा का वितरण किया जाएगा तथा अन्य कई निर्णयों पर भी चर्चा हुई .बैठक में आनंद बिहारी श्रीवास्तव, रवि शेखर सिंह, महेंद्र कुमार सिंह ,बसंत कुमार ,अरविंद ,राजेश कुमार गुप्ता, देवता, विनय कुमार, रमेश चंद्र श्रीवास्तव, राजेश कुमार सिंह, नारायण केडिया, हरि नारायण सिंह, संतोष कुमार यादव इत्यादि कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

## पांच जून को अकस करेगा रक्तदान शिविर ,विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम का होगा आयोजन

**डिहरी आन सोन रोहतास , 05 मई (तरूणमित्र)**। देश के चर्चित साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था अभिनव कला संगम पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन करेगी। पाली रोड स्थित रघुकुल निवास में आयोजित बैठक मे संस्था सदस्यों ने इस आशय का निर्णय लिया। बैठक मे संस्था अध्यक्ष कमलेश कुमार ने कहा कि अभिनव कला संगम सालों भर सामाज व राष्ट्रीय हित मे विभिन्न कार्यक्रम करते रहते हैं। प्रति वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन कर कई जिंदगियों को बचाया जाता है, और यह सिलसिला लगातार जारी है। इसके अलावे वृक्षारोपण, होली मिलन, ईद मिलन समारोह समेत सामाजिक एकजूटता से जूडे कई कार्यक्रमो का आयोजन किया जाता है। इस बार पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण के साथ साथ रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। साथ ही जून में 2 दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसकी रूप रेखा को लेकर जल्द ही तैयारी समिति का गठन किया जाएगा। बैठक में शहर कि सामाजिक, सांस्कृतिक गतिविधियों व संस्था के उत्तरोत्तर विकास पर चर्चा कि गई। बैठक में सचिव विनय मिश्रा, संरक्षक सिमल सिंह, महासचिव प्रो रणधीर सिन्हा, कोषाध्यक्ष शिव प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष संजय यादव, ओमजी यादव, मीडिया प्रभारी इंद्र कुमार बाघा, मुकुल मणि, संगठन सचिव रवि तिवारी, सह संयोजक शंभू गुप्ता, विनय कुमार, मनोज गुप्ता, संजय कुमार उर्फ नीलू, बैजू कुमार, आलोक कुमार, शक्ति सिंह समेत अन्य शामिल थे।

# फुलवरिया पुलिस ने किया शराब माफिया को गिरफ्तार

**फुलवरिया (गोपालगंज ), 05 मई (तरूणमित्र)**। फुलवरिया पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात शराब माफिया अजय राम को मीरगंज थाना क्षेत्र के दूबे सरीसवां गांव से गिरफ्तार कर लिया है. अजय राम लंबे समय से फरार चल रहा था और उसके खिलाफ शराब से संबंधित कुल छह प्राथमिकियां तीन अलग-अलग थानों में दर्ज थीं. फुलवरिया थानाध्यक्ष जय हिन्द यादव ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सोमवार की सुबह विशेष छापेमारी अभियान चलाकर उसे उसके गांव से गिरफ्तार किया. गिरफ्तार आरोपी की पहचान मीरगंज थाना क्षेत्र के दूबे सरीसवां गांव निवासी बुझई राम उर्फ राजनारायण राम के पुत्र अजय राम के रूप में की गई है. उसके खिलाफ फुलवरिया थाना में तीन, मीरगंज थाना में दो और हथुआ थाना में एक मामला दर्ज है. सभी मामले बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत दर्ज किए गए हैं. थानाध्यक्ष जय हिन्द यादव ने बताया कि अजय राम क्षेत्र में अवैध शराब




तस्करी के मामलों में वर्षों से संलिप्त था. वह शराब के अवैध कारोबार का एक संगठित नेटवर्क संचालित करता था और उसके कई सहयोगी पहले ही पकड़े जा चुके हैं।

पुलिस को अजय राम की लंबे समय से तलाश थी, लेकिन वह हर बार पुलिस की पकड़ से बच निकलता था. उसकी गिरफ्तारी के लिए फुलवरिया, मीरगंज और हथुआ थाना की पुलिस टीमें लगातार प्रयासरत थीं. थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है और उसके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है. पुलिस को उम्मीद है कि उसकी गिरफ्तारी से अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगेगा और अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी भी जल्द की जाएगी. पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है. थानाध्यक्ष ने कहा कि अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई आगे भी इसी तरह जारी रहेगी और किसी भी सूरत में इस धंधे में लिप्त लोगों को बख्शा नहीं जाएगा. यह गिरफ्तारी न केवल पुलिस की सफलता मानी जा रही है बल्कि इससे यह संदेश भी गया है कि शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू किया जा रहा है।

## विवाहिता की संदिग्ध मौत, गहने के विवाद में सास और जेठानी पर हत्या का आरोप

### पति गिरफ्तार, जांच में जुटी पुलिस

**सासाराम, 05 मई (तरूणमित्र)**। रोहतास जिले के चेनारी थाना क्षेत्र अंतर्गत उगहनी गांव में सोमवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मृतका की पहचान उगहनी गांव निवासी विकास प्रजापति की 23 वर्षीय पत्नी शशि कला कुमारी के रूप में हुई है और सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम लाया है।

मामले में मृतका के पिता संतोष कुमार प्रजापति ने बताया कि वर्ष 2021 में उन्होंने अपनी पुत्री शशि कला का विवाह उगहनी गांव निवासी विकास प्रजापति के साथ किया था। शादी के एक वर्ष बाद से हीं अक्सर उनकी पुत्री का सास और जेठानी के साथ गहने को लेकर झगड़ा शुरू हो गया और इसी कारण उन्होंने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।

वहीं घटना को लेकर चेनारी थाने के चौकीदार बबन पासवान ने बताया कि सोमवार को उगहनी गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई है जिसको लेकर परिजन ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। जानकारी दी गई की मामले में पुलिस द्वारा मृतका के पति पिंटू कुमार उर्फ विकास प्रजापति को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा पुलिस अन्य बिन्दुओं पर जांच कर रही है। इसके अलावा पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की जांच में तेजी आएगी।

# लंबित आवेदनों को शीघ्र निष्पादित करे अधिकारी डीएम,वीसी के जरिए डीएम ने की समीक्षा बैठक

**सासाराम, 05 मई (तरूणमित्र)**। जिला पदाधिकारी रोहतास उदिता सिंह के द्वारा वीसी के माध्यम से जिले के सभी अनुमंडल पदाधिकारी,सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी,सभी अंचल अधिकारी एवं सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारीयों के साथ बैठक की गयी। जिसमें जिला स्तर के जिला स्तरीय पदाधिकारियों यथा उप विकास आयुक्त, रोहतास ,अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी, रोहतास, सासाराम , सिविल सर्जन, रोहतास जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, रोहतास , जिला कल्याण पदाधिकारी, रोहतास ,सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा-सह-जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आई०सी०डी०एस), कार्यपालक अभियंता (पी०एच०ई०डी०) सहित मनरेगा, डी०आर०सी०सी , आयुष्मान भारत एवं लोहिया बिहार स्वच्छ



अभियान के पदाधिकारियों के द्वारा भाग लिया गया।

उक्त बैठक में जिसमें डॉक्टर अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान महिला संवाद एवं नगर संवाद, राशन कार्डों के निर्गत,वितरण, विद्यालयों में शतप्रतिशत बच्चों के दाखिला कराये जाने, आंगनबाडी केंद्रों में बच्चों के नामांकन कराने आदि के संबंध में अद्यदन स्थिति की समीक्षा की गयी तथा समीक्षोंपरांत निम्नांकित निदेश अग्रेतर आवश्यक कार्रवाई हेतु दिया गया।जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, रोहतास को निदेश दिया गया कि जन्म मृत्यु प्रमाण निर्गत करने हेतु लभगभ 5 हजार आवेदन पत्र प्राप्त हुये हैं, जिसके विरुद्ध अभी तक मात्र दो हजार आवेदन पत्रों का निष्पादन हुआ शेष 3 हजार आवेदन लंबित है उसे भी अविलंब निष्पादन करना सुनिश्चित करें।सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि आवास से संबंधित जितने भी आवेदन लंबित है उसका निष्पादन शतप्रतिशत शीघ्र करना सुनिश्चित करें।अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी को निर्देशित किया गया कि वासगीत पर्चा से संबंधित जितने भी समस्याएँ हैं उसका निष्पादन अपने स्तर से जांच करते हुए शीघ्र करना सुनिश्चित करें। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, रोहतास को निदेश दिया गया कि सामाजिक सुरक्षा से संबंधित जितने भी आवेदन लंबित है उसका निष्पादन एक सप्ताह के करना सुनिश्चित करेंगे साथ ही बुनियादी केंद्र से संबंधित आवेदनों को भी शीघ्रता निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगें।सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, रोहतास एवं अंचल अधिकारी, रोहतास को निर्देशित किया गया कि आपस में समन्वय स्थापित करते हुए टोला संपर्क योजना के कार्य को शतप्रतिशत करना सुनिश्चित करेंगे।प्रखंड विकास पदाधिकारी, कोचस से पी०एम० विश्वकर्मा योजना के अद्यतन प्रगति के संबंध में समीक्षा की गयी तो पाया गया कि कोचस प्रखंड अंतर्गत पी० एम० विश्वकर्मा योजना के तहत

सरकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यों में शीथलता एवं उदासीनता देखी जा रही है एवं अन्य योजनाओं के क्रियान्वन में अभिरुची नहीं ली जा रही है जो खेदजनक स्थिति पाते हुए इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी, कोचस से स्पष्टीकरण पूछते हुए उनका एक दिन का यानि आज दिनांक-55.2025 का वेतन भुगतान अगले आदेश तक स्थगित करने का निदेश दिया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं समूह सम्पादक कैलाशनाथ के द्वारा अजीमाबाद प्रिन्टर 5-47 प्लाट न0 905 वाचस्पती कॉलनी रोड कुम्हरार गुमटी संदलपुर रोड, पटना से मुद्रित होकर 302, रघुवंशम अपार्टमेन्ट किदवईपुरी, पटना से प्रकाशित। कार्यकारी संपादक-योगेन्द्र विश्वकर्मा। फोन/फैक्स 0612-2522597, 2529927 मो. 8578001500 पोस्ट पंजीयनः CO- 174/2002 आर.एन.आई BIHHIN/2002/9030, इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होंगे। email ID-tarunmitrapatna@gmail.com

फैंस अब नहीं देख सकेंगे लाइव टेलीकास्ट

# लो भइया...बैन हो गया आईपीएल !

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जो हुआ वो तो होना ही था. आईपीएल पर बैन लगना था, सो लग गया. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो आईपीएल मैचों का लाइव प्रसारण सरहद के उस पार बंद हो गया है. पड़ोसी देश के लोग अब आईपीएल मुकाबलों का लुत्फ नहीं उठा पा रहे. यहां हमारा मतलब पाकिस्तान और उसके लिए स्टैंड से है. रिपोर्ट्स की मानें तो पाकिस्तान ने आईपीएल को बैन कर दिया है. हालांकि, इसे लेकर आशंका तभी से थी, जब भारत में पाकिस्तान सुपर लीग बैन हो गया था. ऐसे में सीधे शब्दों में कहें तो पाकिस्तान का आईपीएल को बैन करना भारत के पीएसएल को लेकर उठाए कदम का असर है और कुछ



नहीं. भारत-पाकिस्तान के रिश्ते तो पहले से ही खराब थे. 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने उस आग में और घी डालने का काम किया है. उस घटना के बाद भारत में पाकिस्तानी खिलाड़ियों के सोशल मीडिया अकाउंट बंद करने से लेकर पीएसएल का प्रसारण रोकने जैसे कई कदम उठाए गए. इंडियन ब्राडकास्टर्स फैनकोड, सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क ने क्करुका प्रसारण तत्कार प्रभाव से रोक दिया. बाबर आजम जैसे स्टार पाकिस्तानी क्रिकेटर का इंस्टाग्राम अकाउंट बंद हो गया. भारत की ओर से हुए उसी एक्शन का अब पाकिस्तान की ओर से रिएक्शन आया है, जिसके तहत उसने आईपीएल को बैन किया है. पाकिस्तान में इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल के आधिकारिक पार्टनर टैपमैड ने 3 मई को आईपीएल का प्रसारण रोकने की घोषणा कर दी. टैपमैड के इस ऐलान के बाद ये साफ हो गया कि पाकिस्तानी फैंस को अब आईपीएल मैचों का लाइव एक्शन देखे बिना ही रहना होगा. भारत में पीएसएल के आधिकारिक पार्टनर फैनकोड ने पहलगाम हमले के 2 दिन बाद यानी 24 अप्रैल को ही मैचों का प्रसारण रोक दिया था. पाकिस्तान ने उसके एक हफ्ते बाद अपना कदम उठाया है. उसके आईपीएल को बैन करने की खबर है. हालांकि, ये बैन कब खत्म होगा इस बारे में अभी कुछ भी साफ नहीं है.

मेड्रिड ओपन टेनिसः

## आर्यना सबालेंका ने जीता 20वां खिताब, फाइनल में कोको गॉफ को सीधे सेटों में हराया



**मैड्रिड, एजेंसी।** सबालेंका ने 2021 और 2023 में मैड्रिड में खिताब जीता था। इस तरह से उन्होंने पेट्रा क्वितोवा के टूर्नामेंट रिकॉर्ड की बराबरी की। ब्रिस्बेन और मियामी के बाद यह सबालेंका का इस वर्ष का तीसरा खिताब भी है। विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने विश्व की चौथे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ को सीधे सेटों में हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपना तीसरा और करियर का 20वां खिताब जीता। सबालेंका ने पहले सेट में जबरदस्त प्रदर्शन किया और काजा मैजिका क्ले कोर्ट पर अमेरिकी खिलाड़ी को 6-3, 7-6 (3) से हराया। सबालेंका ने 2021 और 2023 में मैड्रिड में खिताब जीता था। इस तरह से उन्होंने पेट्रा क्वितोवा के टूर्नामेंट रिकॉर्ड की बराबरी की। ब्रिस्बेन और मियामी के बाद यह सबालेंका का इस वर्ष का तीसरा खिताब भी है। गॉफ अगर इस मुकाबले में जीत हासिल कर लेती तो वह विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच जाती लेकिन सबालेंका के सामने उनकी एक नहीं चली।

## भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने शनिवार को पर्थ हॉकी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया दौरे के अपने चौथे मैच में जोरदार संघर्ष किया, लेकिन अंततः ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हार गई। भारत के लिए नवनीत कौर (35) और लालरेमसियामी (59) ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने ग्रेस स्टीवर्ट (2), जेड स्मिथ (36) और ग्रेटा हेस (42) के गोल की बदौलत करीबी मुकाबले में जीत हासिल की। पहले क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने पहला गोल करके 1-0 की बढ़त हासिल की। दूसरे मिनट में ही सफलता मिल गई, जब ग्रेस स्टीवर्ट ने गोल किया। भारत ने क्वार्टर के बाकी बचे समय में स्कोर बराबर करने की पूरी कोशिश की, लेकिन बराबरी का गोल नहीं कर सका। दूसरे क्वार्टर में भारत ने शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर का सफलतापूर्वक बचाव किया और इस अवधि के अंत में एक और सेट-पीस खतरे का सामना किया, जिससे हाफटाइम तक अंतर एक गोल तक सीमित रहा। भारत ने तीसरे क्वार्टर में मुकाबले में वापसी की, जब



नवनीत ने 35वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदलकर स्कोर बराबर कर दिया। यह राहत कुछ समय के लिए ही रही, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने तुरंत जवाब दिया और 36वें मिनट में जेड स्मिथ के फील्ड गोल ने उन्हें बढ़त दिला दी। ऑस्ट्रेलिया ने दो और पेनल्टी कॉर्नर जीते, इससे पहले ग्रेटा हेस के 42वें मिनट के गोल ने उनकी बढ़त को फिर से बढ़ाया। भारत ने अंतिम क्वार्टर में अंतर कम किया, जब लालरेमसियामी ने खेल के अंत में गोल किया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय आक्रमण को रोककर जीत हासिल की। कप्तान सलीमा टेटे और उप-कप्तान नवनीत कौर की अगुआई वाली भारत की 26 सदस्यीय टीम ने अब तक दो बार ऑस्ट्रेलियाई सीनियर टीम के साथ खेला है, और जोशीले प्रदर्शन के बावजूद, उन्हें पर्थ में मेजबान टीम से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलियाई सीनियर टीम के खिलाफ मैच से पहले भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया ए टीम के खिलाफ भी दो दोस्ताना मैच खेले, लेकिन दृढ़ निश्चयी प्रदर्शन के बावजूद जीत दर्ज नहीं कर पाई।



सीएसके को बचाने का आखिरी रास्ता

# धोनी को वैभव सूर्यवंशी चाहिए...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 में क्या कोई सीएसके के बाहर होने से बचने का रास्ता है? जवाब है नहीं. लेकिन, इस टीम को हाशिए पर जाने से जरूर बचाया जा सकता है. सीएसके को अगले सीजन के लिए तैयार जरूर किया जा सकता है. और, उसके लिए धोनी की पीली जर्सी वाली टीम को जरूरत है वैभव सूर्यवंशी की. अब आप कहेंगे कि वैभव सूर्यवंशी तो सीएसके को तब मिलेंगे, जब राजस्थान रॉयल्स उन्हें छोड़ेगी या रिलीज करेगी. बात भी सही है. आईपीएल 2025 में वैभव सूर्यवंशी तो राजस्थान रॉयल्स की आन-बान-शान बने हैं. लेकिन, हमारे कहने का मतलब वैभव सूर्यवंशी से नहीं उनके जैसे खिलाड़ियों से है. धोनी को वैभव सूर्यवंशी ही नहीं, उनके जैसे खिलाड़ी चाहिए. वो खिलाड़ी जो पूरी तरह से बेखौफ हो. जिनकी पावरहिटिंग गजब की हो. और, जो गेंदबाज को नहीं गेंद को देखकर अपना शॉट खेलते हों. धोनी को सीएसके को बचाने के लिए वैभव सूर्यवंशी जैसी खूबियों वाले खिलाड़ी चाहिए. अब इसकी भी वजह है. वैभव सूर्यवंशी के क्रिकेट खेलने की विस्फोटक मिजाज और अंदाज की बात चली ही है, तो इन आंकड़ों से भी दो- चार हो लीजिए. वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2025 में सर्वाधिक 209.71 की स्ट्राइक रेट वाले बल्लेबाज हैं. सिर्फ 35 गेंदों पर शतक जड़कर वो आईपीएल में ऐसा करने वाले वो सबसे तेज भारतीय हैं. वो आईपीएल इतिहास में शतक जड़ने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाज हैं. आईपीएल 2025 में पहले 4 मुकाबले खेलने के बाद ही वैभव सूर्यवंशी के खाते में 16 छक्के दर्ज हैं. जबकि सीएसके की ओर से सबसे ज्यादा 14 छक्के जड़ने वाले शिवम दुबे ने 11 मैच खेले हैं. चेन्नई सुपर किंग्स के खाते में सिर्फ 2 जीत दर्ज है. यानी 9 मुकाबलों में उन्हें हार मिली है. इस खराब प्रदर्शन के चलते ही वो आईपीएल 2025 के पॉइंट्स टेबल में ना सिर्फ सबसे आखिरी 10वें पायदान पर हैं.

### इन वजहों से धोनी को 'वैभव सूर्यवंशी' की तलाश?

आईपीएल या टी-20 क्रिकेट का जिक्र छिड़ते ही मन में जो पहला ख्याल आता है, वो होते हैं छक्के-चौके. आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स इसी में बुरी तरह से फ्लॉप दिखी है. वो आईपीएल 2025 में सबसे कम छक्के लगाने वाली टीम बनकर उभरी है. इस सीजन पावरप्ले में उसने उतने भी छक्के नहीं लगाए, जितने वैभव सूर्यवंशी ने उस फेज में अकेले जड़ दिए हैं. अब इन हालातों से उबारने के लिए जाहिर है सीएसके को कुछ अगर चाहिए तो वो वैभव सूर्यवंशी जैसे खिलाड़ी ही हैं. भले ही उनकी उम्र वैभव सूर्यवंशी जैसे 14 साल की ना हो, मगर उनके खेलने का मिजाज और अंदाज बिल्कुल वैसा ही हो.

## स्मृति मंधाना बनी 100 वनडे खेलने वाली 7वीं भारतीय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** त्रिकोणीय सीरीज का चौथा मुकाबला भारतीय महिला क्रिकेट टीम और श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम के बीच खेला जा रहा है. श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. ये मैच भारतीय खिलाड़ी स्मृति मंधाना के लिए खास है, क्योंकि ये उनका 100वां वनडे मैच है. 100 वनडे मैच खेलने वाली स्मृति मंधाना 7वीं भारतीय महिला क्रिकेटर हैं, उनसे पहले 6 खिलाड़ियों ने इस आंकड़े को छुआ है. पूर्व कप्तान मिताली राज महिला क्रिकेट में सबसे ज्यादा वनडे मैच खेलने वाली खिलाड़ी हैं, उन्होंने अपने 23 साल के करीयर में कुल 232 मैच खेले हैं. उसके बाद 204 मैच खेलने वाली झूलन गोस्वामी हैं,



दोनों ही भारतीय महिला क्रिकेटर्स ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास ले लिया है. तीसरे नंबर पर इंग्लैंड की चार्लोट एडवर्ड्स हैं, जिन्होंने 191 मैच खेले.

**भारत के अधिक ओडीआई मैच खेलने वाली टॉप 10 महिला क्रिकेटर्स**

मिताली राज- 232 मैच
झूलन गोस्वामी- 204 मैच
हरमनप्रीत कौर- 144 मैच
अंजुम चोपड़ा- 127 मैच
अमिता शर्मा- 116 मैच
दीप्ति शर्मा- 104 मैच
स्मृति मंधाना- 100 मैच
नीतू डेविड- 97 मैच
नूशीन खडीर- 78 मैच
रुमेली धार- 78 मैच

100 वनडे के आलावा स्मृति ने 7 टेस्ट और 148 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं. अपने 100वें मैच से पहले उन्होंने 4288 रन बनाए हैं, इसमें 10 शतकीय और 30 अर्धशतकीय पारियां शामिल हैं. 7 टेस्ट मैचों में उन्होंने 629 रन बनाए हैं. टेस्ट में उनके नाम 2 शतक और 3 अर्धशतक हैं.

148 टी20 मुकाबलों में स्मृति मंधाना ने 3761 रन बनाए हैं, इस फॉर्मेट में उन्होंने 30 अर्धशतक ज? हैं.

**त्रिकोणीय सीरीज में टॉप पर टीम इंडिया**

भारतीय क्रिकेट टीम ने पहले मैच में श्रीलंका और दूसरे मैच में साउथ अफ्रीका को हराया था. 2 में 2 जीत के साथ उसके 4 अंक हैं और त्रिकोणीय सीरीज की अंक तालिका में टीम टॉप पर है

मैं इस हार का दोष लेता हूं...

## RCB आरसीबी से हारकर टूटे एमएस धोनी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आरसीबी द्वारा मिले 214 रनों का पीछा करते हुए रवींद्र जडेजा (77*) के साथ जब आयुष म्हात्रे (94) क्रीज पर थे, तब सीएसके की जीत की संभावना 75 प्रतिशत थी लेकिन म्हात्रे के आउट होने के बाद मैच पलट गया. डेवाल्ड ब्रेविस के आउट होने के बाद एमएस धोनी क्रीज पर आए, लेकिन वह भी टीम को जीत नहीं दिला पाए. अंतिम 3 गेंदों में सीएसके को 6 रन चाहिए थे, लेकिन यश दयाल ने शानदार यॉर्कर गेंदों से इसे डिफेंड कर लिया. मैच के बाद सीएसके कप्तान एमएस धोनी ने माना कि उनकी टीम में अधिकांश बल्लेबाज पैडल शॉट मारने में असहज थे, जबकि आधुनिक युग में बल्लेबाजों को इसके खेलना आना चाहिए. उन्होंने कहा कि बल्लेबाजी एक ऐसा क्षेत्र है, जहां हम पीछे रह गए. उन्होंने ये भी माना कि उनसे भी गलती हुई, जो बड़े शॉट्स नहीं खेल पाए. धोनी ने कहा, मुझे लगा कि मुझे कुछ और शॉट खेलने चाहिए थे और दबाव कम करना चाहिए था, इसलिए मैं इस हार का दोष लेता हूँ. डेथ ओवरों में शेफर्ड बेहतरीन थे, हम जो भी गेंदबाजी कर रहे थे, वह अधिकतम रन बनाने में सक्षम था. हमें यॉर्कर का अधिक अभ्यास करने की आवश्यकता है. अक्सर ऐसा होता है कि जब बल्लेबाज सेट होने लगते हैं और गेंद उनके बल्ले पर अच्छे से आती है, तो आपको यॉर्कर पर निर्भर रहना पड़ता है.

## कोहली के आरसीबी से 300 छक्के पूरे

**बेंगलुरु, एजेंसी।** आईपीएल में शनिवार को आरसीबी ने सीएसके को 2 रन से हरा दिया। चिन्नास्वामी स्टेडियम में विराट कोहली ने 5 छक्के लगाकर 62 रन बनाए। वे एक टीम से 300 टी-20 छक्के लगाने वाले पहले प्लेयर बने। कोहली ने आईपीएल में सबसे ज्यादा फिफ्टी लगाने के रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली। आरसीबी के रोमारियो शेफर्ड ने 14 गेंद पर फिफ्टी लगाई। उन्होंने खलील अहमद के एक ओवर में 33 रन भी बनाए। यह किसी भी ष्टस्य्च बॉलर का सबसे महंगा ओवर रहा। कोहली आईपीएल में 8वीं बार एक सीजन में 500 से ज्यादा रन बनाने वाले पहले प्लेयर बने। विराट कोहली ने चेन्नई के खिलाफ 5 छक्के लगाकर 62 रन की पारी खेली। उन्होंने पारी में पहला सिक्स लगाते ही आरसीबी के लिए 300 छक्के पूरे कर लिए। वे किसी एक फ्रेंचाइजी से 300 टी-20 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय बने। कोहली के बाद आरसीबी के लिए क्रिस गेल ने 91 मैचों में 263 छक्के लगाए हैं।





## 14 गेंद पर तूफानी फिफ्टी जड़कर शेफर्ड ने रच दिया इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) में शनिवार को चेन्नई सुपरकिंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच एक रोमांचक मुकाबला खेला गया. इस मैच में आरसीबी ने आखिरी गेंद पर 2 रन से मुकाबला जीता. आरसीबी की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए रोमारियो शेफर्ड ने इतिहास रच दिया. शेफर्ड ने तूफानी फिफ्टी जड़ी और 14 गेंद में अर्धशतक लगाकर इतिहास रचा.

शेफर्ड आखिरी में बल्लेबाजी के लिए आए. एक समय लग रहा था कि आरसीबी 200 के आंकड़े को पार नहीं कर पाएगी. लेकिन शेफर्ड ने मोर्चा संभाला. उन्होंने 19वें ओवर में खलील अहमद को 33 रन जड़ दिए. अपनी पारी में शेफर्ड ने 14 गेंदों में 53 रन बनाए. इसमें 4 चौके और 6 छक्के शामिल थे.

आईपीएल में सबसे तेज फिफ्टी...

13 - यशस्वी जायसवाल (आरआर) बनाम केकेआर, 2023

14 - केएल राहुल (पीबीकेएस) बनाम डीसी, 2018

14 - पैट कमिंस (केकेआर) बनाम एमआई, 2022

14 - रोमारियो शेफर्ड (आरसीबी) बनाम सीएसके, 2025*

ऐसे रहा मुकाबला

आरसीबी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 214 रनों का लक्ष्य रखा था.